

प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया


राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# लोक प्रेरणा

लोहारू से प्रकाशित

RNI No.HARHIN/2022/90426 | वर्ष : 03, अंक: 343 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 2.00 | सोमवार, 19 मई 2025 | lokparerna@gmail.com | +91-9255149495


## 17 एमपी को मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भर्तृहरि महताब और रवि किशन सहित 17 सांसदों और दो संसदीय स्थाई समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इन पुरस्कारों की शुरूआत प्राइम पाइंट फाउंडेशन ने की थी। ये पुरस्कार सांसदों को संसद में उनके योगदान के लिए दिए जाते हैं। पुरस्कार विजेताओं का चयन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता वाली निर्णायक समिति ने किया।

## प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे जो बाइडन

**वाशिंगटन/लोक प्रेरणा**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन को प्रोस्टेट कैंसर के आक्रामक रूप से जूझ रहे हैं। बाइडन प्रोस्टेट कैंसर के आक्रामक रूप से गुजर रहे हैं। उनकी हालिया रिपोर्ट में बताया गया कि कैंसर बाइडन की हड्डियों तक फैल चुका है।

## 'बार-बार मतदान विकास में बाधा'

**हैदराबाद /लोक प्रेरणा**

**केंद्रीय** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक देश एक चुनाव की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव विकसित भारत के लिए बाधा बन रहा है।

# आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते: अमित शाह

### ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की

**अहमदाबाद /लोक प्रेरणा**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए शाह ने कहा कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगा। आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) को वापस



लेने और आतंकवाद को खत्म करने को लेकर ही होगी।

इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### इस वर्ष को 'सहकारिता वर्ष' घोषित किया

शाह ने विश्वास जताया कि भविष्य में एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं होगी। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को समृद्ध एवं विस्तार देने के लिए समूहों एवं संस्थाओं में जागरूकता, प्रशिक्षण एवं पारदर्शिता लाने की कोशिश की जा रही है।

### भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब: शाह

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि कोई भी पंजीकृत पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियां) बीमार न हों। पहले से परिसमापन (लिक्विडेशन) की स्थिति में पहुंच चुकी पैक्सों के त्वरित समाधान और उनके स्थान पर नई पैक्सों के गठन के लिए केंद्र सरकार जल्द ही एक नई नीति लाने जा रही है। अमित शाह रविवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में अहमदाबाद में आयोजित "सहकारी महासम्मेलन" को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत पैक्सों की सारी समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा।

### आपरेशन सिंदूर है ओसामा बिन लादेन को मारने जैसा: उपराष्ट्रपति

साथ ही सहकारिता मंत्री शाह ने 'सहकारिता में विज्ञान' को महत्व दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 तक देशभर में दो लाख नई पैक्स बनाने का है। पहले से बनी पैक्सों को बहुआयामी बनाया जा रहा है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। इसके लिए पैक्सों के साथ 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को जोड़ा गया है। गुजरात भाजपा ने कहा कि यात्रा में साणंद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग, सामाजिक और राजनीतिक नेता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और भारत माता की जय के नारे लगाए तथा सशस्त्र बलों के साहस और वीरता को सलाम किया।

## कांग्रेस ने केंद्र पर लगाया सस्ती राजनीति का आरोप

**नई दिल्ली /लोक प्रेरणा**

पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस सांसदों को शामिल न करने पर विपक्षी दल ने केंद्र पर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर सस्ती राजनीति करने और राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सरकार के अनुरोध पर औपचारिक रूप से चार नाम प्रस्तुत करने के बावजूद अधिकांश सांसदों को केंद्र ने नजरअंदाज कर दिया। इससे संसदीय परंपराएं कमजोर हुईं। साथ ही विपक्ष और सत्तारूढ़ दल के बीच विश्वास कमजोर हुआ।

जयराम ने कहा कि 16 मई को



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने केंद्र सरकार की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से संपर्क किया था। उन्होंने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए पार्टी से चार सांसदों के नाम मांगे थे। राहुल गांधी ने उसी दिन दोपहर से पहले वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, नासिर हुसैन और राजा बरार के नाम केंद्र सरकार को सौंप दिए थे।

### सरकार की मंशा पहले से ही शरारती थी: जयराम

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सरकार ने सूची में से केवल एक नाम आनंद शर्मा का चुना और अन्य नामों को नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि हमने नाम दे दिए, फिर भी केवल एक को ही शामिल किया गया। इससे पता चलता है कि सरकार की मंशा पहले से ही शरारती थी और यह खेल इसलिए खेला जा रहा है ताकि हमसे पूछने की औपचारिकता समाप्त हो जाए। जयराम ने दावा किया कि पूरी कवायद बातचीत होने का दावा करने की औपचारिकता मात्र प्रतीत होती है।

## पाकिस्तान में हुई आतंकी सैफुल्ला खालिद की हत्या

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

2006 में आरएसएस मुख्यालय पर हमले की साजिश रचने वाले लश्कर-ए-तैयबा के दुर्दांत आतंकवादी रजाउल्ला निजामनी खालिद उर्फ अबू सैफुल्ला खालिद की पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

सैफुल्ला भारत में कई आतंकी हमलों में शामिल रहा था। वह रविवार दोपहर सिंध के मतली में अपने घर से निकला था और एक चौराहे के पास हमलावरों ने उसे गोलियों से भून दिया। गोली लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## हैदराबाद: एक इमारत में भीषण आग, 08 बच्चे समेत 17 की मौत



**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

हैदराबाद में रविवार सुबह एक गुलजार हाउस नामक इमारत भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। इस घटना में 17 लोगों की जान चली गई है। मृतकों में 8 बच्चे भी शामिल हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शॉर्ट सर्किट के कारण इस इमारत में आग लगी।दरअसल, ये हादसा ऐसे समय पर हुआ जब इस बिल्डिंग में एक समारोह चल रहा था, जिसमें स्कूल और कॉलेज के बच्चे भी उपस्थित थे। गर्मियों की छुट्टियों के कारण लोग यहां पर एकत्र हुए थे। जैसे ही इस इमारत में आग लगी किसी को भी बचने का मौका नहीं मिला। बताया जा रहा है कि इस इमारत में केवल एक ही प्रवेश का रास्ता था, इस कारण इस भयावह स्थिति में वह निकलने के लिए नकाफी साबित हुआ। बताया जा रहा है कि रविवार तड़के सुबह इस इमारत में आग लग गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, इमारत में एक ही प्रवेश द्वार होने के कारण इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। यही वजह है कि समय से आग्निशमन के कर्मचारी इमारत के भीतर नहीं दाखिल हो सके। जब अग्निशमन के अधिकारी इस इमारत में पहुंचे तो उस वक्त तक कई लोग बेहोश हो चुके थे। बताया जा रहा है कि जहां पर ये आग लगी थी वहां पर केवल एक संकरा रास्ता था।

### वोल्टेज के उतार चढ़ाव के कारण लगी आग?

कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि आग बुझाने के दौरान दमकल की गाड़ियों में पानी भी खत्म हो गया। हालांकि, इस बात का एक अधिकारी ने खंडन किया है। अधिकारी ने बताया कि हर दमकल की गाड़ी में 4500 लीटर के करीब पानी होता है। दुकानदारों का कहना है कि आग लगने की मुख्य वजह वोल्टेज का उतार चढ़ाव है। गुलजार हाउस के ग्राउंड फ्लोर पर कई दुकानें हैं। एक दुकानदार ने बताया कि इससे पहले भी आग लगने की तीन घटनाएं हो चुकी हैं।

## भारत-ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की वार्ता

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और ईरान के सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव डॉ अली अकबर अहमदियान के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। इस वार्ता में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने पर चर्चा हुई। साथ ही विशेष रूप से चाबहार बंदरगाह और इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) परियोजनाओं पर काम तेज करने पर जोर दिया। चाबहार बंदरगाह और आईएनएसटीसी भारत की पश्चिम एशिया नीति में अहम भूमिका निभाते



हैं। इन परियोजनाओं से भारत को मध्य एशिया और यूरोप तक व्यापारिक पहुंच को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। पाकिस्तान के साथ बिगड़ते संबंधों के बीच यह वैकल्पिक मार्ग भारत के लिए बेहद अहम है। दोनों देशों ने इन परियोजनाओं को जल्द से जल्द क्रियान्वित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने तीनों सेनाओं का तालमेल दिखाया: रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपसी समन्वय की शक्ति और रणनीतिक दूरदृष्टि का प्रदर्शन किया है। इस ऑपरेशन में तीनों सेनाओं की संतुलित प्रतिक्रिया प्रदर्शित हुई, जिसमें सटीकता, पेशेवर अंदाज और उद्देश्य की झलक मिली।

ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई 'सावधानीपूर्वक तैयार योजना और खुफिया जानकारी पर आधारित दृष्टिकोण' पर केंद्रित थी, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि ऑपरेशन न्यूनतम क्षति के साथ




संचालित किया गया।

प्रभावी ढंग से निष्प्रभावी हुए हमले इस ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान ने प्रमुख भारतीय वायु सैनिक अड्डों और साजो-सामान संबंधी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर हमले शुरू किए। मंत्रालय ने कहा कि हालांकि इन कोशिशों को भारत की व्यापक और बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली द्वारा प्रभावी ढंग से निष्प्रभावी कर दिया गया।

### खुफिया जानकारी पर आधारित थी कार्रवाई

इस सफलता का मुख्य कारण एकीकृत कमान और नियंत्रण रणनीति (आईसीसीएस) थी, जिसने विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक समय में खतरे की पहचान, आकलन और रोकथाम को संभव बनाया। मंत्रालय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के प्रत्येक क्षेत्र में सेनाओं के बीच प्रभावशाली तालमेल था और सरकार, एजेंसियों और विभागों द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया। यह आपरेशन भूमि, वायु और समुद्र में किया गया। यह भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल का एक निर्बाध प्रदर्शन था। वायु सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ सटीक हमले करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वायु सेना ने नूर खान एयर बेस और रहीमयार खान एयर बेस जैसे लक्ष्यों पर उच्च प्रभाव वाले हवाई अभियान चलाए। वायु सेना का मजबूत वायु रक्षा तंत्र सीमा पार से ड्रोन और यूएवी हमलों के जवाब में भारतीय हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ रविवार को बैठक करने के बाद उन्हें पार्टी का चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर बना दिया गया। वे सीधे मायावती को रिपोर्ट करेंगे, जबकि तीन अन्य नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को रिपोर्ट करेंगे। आकाश आनंद को मिली इस बड़ी जिम्मेदारी के बाद एक बार फिर वे अपने



'फायर ब्रांड' रूप में दिखाई दे सकते हैं जिसके बाद यूपी के वर्तमान समीकरणों में बड़ा बदलाव आने की संभावना जताई जा रही है।

भतीजे आकाश आनंद को मायावती ने लोकसभा चुनावों के दौरान पार्टी से निकाल दिया था। पहले आकाश आनंद को राजनीतिक रूप से अपरिपक्व बताया गया। बाद में कहा गया कि वे पार्टी के आंतरिक मामलों में अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के कहने पर गुटबाजी को बढ़ावा दे रहे थे। लेकिन आकाश आनंद के माफी मांगने के बाद उनका पार्टी में वापसी का रास्ता साफ हो गया। बसपा पिछले दिनों में लगातार कमजोर होती गई है। इसका सबसे बड़ा कारण मायावती का स्वास्थ्य कारणों से कम सक्रिय होना और पार्टी में नए नेतृत्व का अभाव है।

## देश में 10 हजार से ई-बसें चलाने का प्लान, चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

शहरों के आसपास के छोटे कस्बों और उपनगरों को भी केंद्र सरकार की सहायता वाली पीएम ई बस सेवा का लाभ मिल सकेगा। इस बारे में शहरों और राज्यों की मांग को केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है और इसके अनुरूप योजना की गाइडलाइन में परिवर्तन भी कर दिया गया है। आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के एक सर्कुलर के मुताबिक शहर की परिभाषा में आने वाले आसपास के कस्बों भी इस योजना के तहत पीएम ई बसों के लिए पात्र होंगे।



शहरों की ओर से इसकी लगातार मांग की जा रही थी कि उनके आसपास के जिन क्षेत्रों को वैधानिक रूप से टाउन एरिया घोषित किया गया है, को भी इसके दायरे में लिया जाए।

7293 बसों को मिल चुकी मंजूरी सरकार ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है।

## आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे गोगोई, हमारे पास सबूत: सीएम सरमा

**गुवाहाटी/लोक प्रेरणा**

असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के बुलावे पर पाकिस्तान गए थे। उन्होंने पाकिस्तान की संस्था के साथ मिलकर काम किया। हमारे पास सारे सबूत हैं। हम 10 सितंबर तक हर सबूत पेश करेंगे। एक कार्यक्रम में सरमा ने कहा कि गौरव गोगोई आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। मैं यह पहली



बार कह रहा हूं। हमारे पास इसके दस्तावेज हैं। वह पर्यटन के उद्देश्य से नहीं गए थे। वह निश्चित रूप से प्रशिक्षण लेने के लिए वहां गए थे। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता पाकिस्तान सरकार के सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे और यह खतरनाक है। उन्होंने कहा कि वह पाकिस्तानी संस्था के साथ मिलकर काम कर रहे थे। गृह विभाग कब निमंत्रण भेजता है? यह केवल प्रशिक्षण देने के लिए होता है विदेश विभाग या किसी विश्वविद्यालय से निमंत्रण पूरी तरह से अलग बात है। यह विदेशी मामलों या सांस्कृतिक विभागों से नहीं था। वह पाकिस्तान के गृह विभाग से सीधे निमंत्रण पर वहां गए थे। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार के पास गोगोई के कृत्यों के सबूत हैं और इससे बचने का कोई रास्ता नहीं है। उनके सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।

### मुख्यमंत्री का निर्देश: 01 से 07 जुलाई तक चलेगा 35 करोड़ पौधरोपण अभियान, पौधरोपण की सफलता के लिए 50 करोड़ पौधों की नर्सरी हो तैयार, पौधों में हो विविधता

# वर्ष 2030 तक प्रदेश का हरित आवरण 20% करने का लक्ष्य: सीएम

**लखनऊ/लोक प्रेरणा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाने का हमारा लक्ष्य तभी सफल होगा जब वृक्षारोपण जनांदोलन का स्वरूप ले। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 01 से 07 जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी, समन्वय और जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए। इसके अंतर्गत वर्ष 2025 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्षित अभियान



चलेगा। मुख्यमंत्री शनिवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों विभागीय मंत्रियों को पौधरोपण अभियान की पूर्व तैयारी की गहन समीक्षा करने और अभियान की सफलता के लिए न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रोपे जाने वाले पौधों में अधिकतम जैव विविधता सुनिश्चित की जाए–फलदार, छायादार, औषधीय और इमारती पौधों का संतुलित समावेश हो। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के सभी लाभार्थियों सहित जीरो पॉवर्टी की श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक परिवार को ह्यसहजनह्न का पौधा प्रदान किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक व्यापक ह्यनदी पुनरोद्धार अभियानह्न शुरू किया जा रहा है।

इसके तहत राज्य की प्रमुख नदियों के दोनों किनारों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही सभी निमार्णाधीन, प्रस्तावित तथा क्रियाशील एक्सप्रेसवे के दोनों ओर की खाली भूमि पर नियोजित वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक सिल्ट की समस्या को गंभीर बताते हुए उनके चैनलाइजेशन की संभावनाओं पर विचार करने को कहा।

### उत्तर प्रदेश जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। हर जिले की अपनी कोई न कोई विशिष्टता है–कहीं विरासत वृक्ष हैं तो कहीं विविध प्रजातियों के वन्य जीव। इन सभी तत्वों का विधिवत दस्तावेजीकरण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में जैव विविधता रजिस्टर तैयार कराया जाए। सतत विकास की अवधारणा को जनमानस से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में ग्रीन चौपाल का आयोजन किया जाए। पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान को पुनर्स्थापित करने के प्रयास हों।

## 'विवाहित पुत्री मोटर वेहिकल एक्ट के तहत आश्रित मुआवजा पाने की पात्र नहीं'

**नई दिल्ली/लोक प्रेरणा**

सुप्रीम कोर्ट ने मोटर वाहन अधिनियम में आश्रित मुआवजा पाने के अधिकार पर अपने एक अहम फैसले में कहा है कि विवाहित पुत्री मोटर वेहिकल एक्ट के तहत आश्रित मुआवजा पाने की पात्र नहीं है, जब तक कि वह यह साबित न कर दे कि वह मरने वाले पर आर्थिक रूप से निर्भर थी। हालांकि, कोर्ट ने माना है कि विवाहित बेटी को कानूनी प्रतिनिधि के रूप में विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही, कोर्ट ने दुर्घटना में मां की मौत होने पर विवाहित बेटी का मुआवजा घटाकर 50000 रुपये करने और उसे आश्रित न मानने के हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने बूढ़ी मां का मुआवजा दावा खारिज करने का हाई कोर्ट का आदेश रद कर दिया है और मां को मुआवजा देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने माता-पिता की देखभाल के बारे में कहा है कि बूढ़े माता-पिता की देखभाल बच्चों के लिए वैसा ही कर्तव्य है जैसे नाबालिगों की देखभाल करना माता-पिता का दायित्व होता है।

सुप्रीम कोर्ट ने बूढ़ी मां के मुआवजे के दावे को न सिर्फ स्वीकार किया, बल्कि मुआवजे की कुल रकम भी 15,97,000 बढ़ा कर 19,22,356 रुपये कर दी।

इस मामले में 55 वर्षीय महिला पारस शर्मा की 26 जनवरी, 2008 को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# महेंद्रगढ़वासियों को मिली करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 152 करोड़ 87 लाख रुपये लागत की 30 परियोजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

## मुख्यमंत्री ने रैली में खोला घोषणाओं का पिटारा, 1450 किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन 3 महीने में होंगे जारी









**अमित वालिया**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज महेंद्रगढ़वासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 152 करोड़ 87 लाख 92 हजार रुपये लागत की 30 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 81 करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 71 करोड़ 38 लाख 62 हजार रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

महेंद्रगढ़ विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणाओं का पिटारा खोलते हुए कहा कि जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पैसे जमा करवा रखे हैं, ऐसे 1450 नलकूप कनेक्शनों को अगले 3 महीने में जारी किया जाएगा। इसके अलावा, 2023 तक जिन किसानों ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, वे भी जल्द पैसे जमा करवा दें, उनके कनेक्शन भी जल्द जारी कर दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा में एक नई अनाज मंडी बनाने की भी घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में जमीन उपलब्ध होने पर गौ-अभ्यारण्य बनाया जाएगा। साथ ही, गांव उस्मापुर, बारड़ा, खातौद या जड़वा में जमीन उपलब्ध करवाने पर पशु औषधालय और पशु चिकित्सालय बनाया जाएगा, इसके लिए उन्होंने 1 करोड़ 51 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, गांव डीगरोता के पशु औषधालय को 40 लाख रुपये की लागत से पशु चिकित्सालय में अपग्रेड किया जाएगा। साथ ही, वीएलडीए कॉलेज की फिजिबिलिटी चैक करवाकर इस कार्य को पूरा किया जाएगा।उन्होंने कहा कि गांव आकोदा में बिजली का सब-डिविजन स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, मकानों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को हटाया जाएगा। इसके लिए 3 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि डालनवास गांव में 33 केवी तथा महेंद्रगढ़ शहर में 33 केवी सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। महेंद्रगढ़ विधानसभा में 56 कॉलोनियों में बिजली व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, महेंद्रगढ़ शहर में एलटी लाइनों की जगह एलटी केबल डाली जाएगी। महेंद्रगढ़ से नारनौल तक 33 हजार केवी की बंद पड़ी लाइन को हटाया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खातोद में जमीन उपलब्ध करवाने पर प्राइमरी हेल्थ सेंटर बनाया जाएगा। 4 माइनरों निहालवास, जैरपुर, सीसोठ, खायरा के पुनर्निर्माण के लिए 6 करोड़ 60 लाख रुपये की घोषणा की। महेंद्रगढ़ विधानसभा में 180 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।7 सड़कों, जिनकी लंबाई 36.85 किलोमीटर है, की भी स्पेशल रिपेयर का कार्य जून माह तक पूरा कर लिया जाएगा। 78.71 किलोमीटर लंबाई की 16 सड़कों का भी स्पेशल रिपेयर के तहत नवीनीकरण किया जाएगा, इसके लिए मुख्यमंत्री ने 44 करोड़ 53 लाख रुपये की घोषणा की।

उन्होंने महेंद्रगढ़ विधानसभा के 18 गांवों में स्कूलों की मरम्मत व नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ 38 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, महेंद्रगढ़ में हरियाणा रोडवेज का सब-डिपो बनाया जाएगा। उपरोक्त के अलावा, मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की।

**ऑपरेशन सिंदूर से हमारे वीरों ने दुनिया को बता दिया कि यदि कोई भारत को छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं- मुख्यमंत्री**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह भूमि सैनिकों की भूमि है। यहीं से 20 किलोमीटर दूर वीरभूमि नसीबपुर है। नसीबपुर का युद्ध भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। जब 1857 में अंग्रेजों ने पूरे भारत को अपने जुल्मी पंजों में कसने की कोशिश की, तब इसी भूमि के योद्धा राव तुलाराम ने ब्रिटिश सत्ता की नींव हिला दी थी। हमारी वीर धरा के सपूतों ने हर युद्ध में देश-प्रदेश का सदा गौरव बढ़ाया है। चाहे वह आजादी की लड़ाई थी अथवा आजादी के बाद 1962, 1965, 1971 व 1999 के युद्ध हों। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भी हमारे वीरों ने दुनिया को यह बता दिया है कि यदि कोई भारत को छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं।

**महेंद्रगढ़ को विकास के मामले में आगे बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा- मुख्यमंत्री**

विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 1570 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य करवाए हैं। जबकि कांग्रेस सरकार के 10 सालों में केवल 700 करोड़ रुपये के काम हुए। हमारी डबल इंजन सरकार ने कांग्रेस के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा काम करवाए हैं और अब तो प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है और विकास के काम तीन गुणा गति से होंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि महेंद्रगढ़ को विकास के मामले में आगे बढ़ाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

**2047 तक विकसित भारत बनाने में विकसित हरियाणा का होगा योगदान - मुख्यमंत्री**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए एकजुट होकर काम करना है। हरियाणा को देश के विकास का इंजन बनाना है। उन्होंने लगातार तीसरी बार जनादेश देने के लिए हरियाणा की जनता आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए अपने संकल्प पत्र के संकल्पों में से हमारी सरकार ने 22 संकल्पों को पूरा कर भी दिया है और 90 संकल्पों पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प पत्र केवल घोषणा नहीं है, बल्कि जनता को दिया गया वचन है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं, जो कहा है वो करेंगे, हमारी नीति नीयत और नेतृत्व तीनों स्पष्ट है। हमारी सरकार ने अपने कार्यकाल में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक ठोस कदम उठाए हैं। हमारा लक्ष्य पूरे हरियाणा का संतुलित विकास करना है और इस संकल्प पर हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हम सब मिलकर हरियाणा को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएं और 2047 तक विकसित भारत बनाने में विकसित हरियाणा के रूप में अपना योगदान दें।

**पहलगाम हमले का जवाब हमारी सेना ने दिया, जिस पर हर भारतीय को गर्व - सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी**

सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा के नौजवानों ने सदैव बॉर्डर पर रहकर हमारे प्राणों की रक्षा के लिए अपना खून बहाया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले का जवाब हमारी सेना ने दिया है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में चौतरफा विकास की गंगा बह रही है। दक्षिण हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अनुमति से करोड़ों रुपए की जल परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। मुख्यमंत्री का यही प्रयास है कि दक्षिण हरियाणा की नहरों में टेल तक पानी मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोहन और कृष्णा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए 13 करोड़ 6 लाख रुपए की परियोजना बनाई गई है। जड़वा, सतनाली, बवाना, खेड़ा, खेड़ी आदि 18 गांवों में जलापूर्ति के लिए 55 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू की गई है।

**दक्षिण हरियाणा की धरती वीरों की धरती - स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव**

स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह दक्षिण हरियाणा की धरती वीरों की धरती कहलाती है। सबसे ज्यादा सेना में जाने वाले लोग दक्षिण हरियाणा से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को खत्म किया है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा के भरपूर जन-समर्थन से आज हरियाणा में तीसरी बार लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ में जल्द से जल्द सरकारी अस्पताल का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने रैली में दक्षिण हरियाणा की वीर भूमि को नमन करते हुए मुख्यमंत्री से महेंद्रगढ़ में आईआईटी का निर्माण करवाने की गुजारिश की।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में मिला ऐतिहासिक जनादेश - सांसद धर्मबीर सिंह**

महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री धर्मबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में ऐतिहासिक जनादेश मिला है और मुख्यमंत्री दिन रात जनसेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान देने वाले राव तुलाराम के नाम से महेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेज का नामकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 6 साल पहले इस भूमि पर आईएमटी की नींव रखी गई थी। अब इस संस्थान का काम शुरू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ग्राम पंचायत के पोर्टल पर जो विकास के प्रस्ताव भिजवाए गए थे और जो फिजिबल हैं, उनका क्रियान्वयन किया जाए, इससे यहां ग्रामीण विकास को गति मिल सकेगी।

रैली को संबोधित करते हुए महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री कंवर सिंह यादव ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने करीब 153 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने रैली में मुख्यमंत्री से केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी संस्थान की स्थापना करने, महेंद्रगढ़ में नई अनाज मंडी बनाए जाने, तीन से पांच करम तक के रास्तों को पक्का बनवाने तथा महेंद्रगढ़ को जिला मुख्यालय बनाए जाने का अनुरोध किया।

इसके अलावा, उन्होंने महेंद्रगढ़ शहर के लिए नया बाईपास बनवाए जाने, हरियाणा रोडवेज का सब डिपो बनाने, महिलाओं के लिए महेंद्रगढ़ में एक वेलनेस सेंटर स्थापित करने, अवैध कालोनियों को नियमित किए जाने और महेंद्रगढ़ नगर पालिका को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट दिए जाने का भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। इस मौके पर विधायक श्री ओमप्रकाश यादव, पूर्व मंत्री श्री रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री श्री अभय सिंह यादव, सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## एडीआर सेंटर में लीगल एड डिफेंस कांउसलस के लिए की बैठक

**एकजोत**



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एडीआर सैंटर में लीगल एड डिफेंस कांउसलस के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस बैठक में सभी एलएडीसी को निर्देश दिए गए कि वो मुफ्त लीगल एड का ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा प्रचार करे और अच्छे तरीके से किस प्रकार वो काम कर सकते हैं। इस विषय में सभी एलएडीसी को विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस बैठक में सभी लीगल एड डिफेंस काउंसलस ने भाग लिया।

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**एकजोत**

**कुरुक्षेत्र।** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 19 मई को सुबह 11 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि सभी अधिकारी जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में निर्धारित समय पर पहुंचे।

# न्यू चंडीगढ़ में खादी उत्पादों का बड़ा शोरूम खोलेगा खादी सेवा संघ

### - गवर्निंग एवं जनरल बॉडी की बैठक में की गई घोषणा, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों को दी श्रद्धांजलि और सेना के पराक्रम को किया सेल्यूट

**अमूल्या**

**चंडीगढ़।** खादी सेवा संघ की गवर्निंग एवं जनरल बॉडी की एक संयुक्त बैठक आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में संघ के चेयरमैन केके शारदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान खादी सेवा संघ की गतिविधियों को और तेज करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष भारतीय नागरिकों और इसके बाद पाकिस्तान से छिड़े संघर्ष में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों को नमन करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो



मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अलावा भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों व उनके ट्रेनिंग कैंपों को तबाह करके दिखाए गए युद्ध कौशल की प्रशंसा करते हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सेल्यूट किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि खादी सेवा संघ जल्द ही न्यू चंडीगढ़ में खादी उत्पादों का बड़ा स्टोर खोलेगा, ताकि चंडीगढ़ ट्राइसिटी में खादी उत्पादों की लोकप्रियता को और ज्यादा बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही बैठक में खादी सेवा संघ की गवर्निंग बॉडी का पुनर्गठन करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में खादी सेवा संघ के उपाध्यक्ष रमन गुप्ता, कानूनी सलाहकार रमन कुमार शर्मा, सह सचिव ओंकार चंद, प्रेम विज, डॉ. विनोद कुमार शर्मा, नीरज अधिकारी, तेजिंदर ठाकुर, विक्रम अरोड़ा, नरेंद्र कुमार, अनुपम कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध शराब बेचने वाले को किया काबू

**लोक प्रेरणा**

**लोहारू।** लोहारू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार खरकड़ी से अवैध रूप से शराब बेचने वाले को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पवन कुमार निवासी खरकड़ी के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार लोहारू पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खरकड़ी गांव में पवन कुमार अपने मकान के सामने अवैध शराब रखकर बेच रहा है। यदि तुरंत रेड की जाए तो आरोपी को रंगे हाथों काबू किया जा सकता है। इसके बाद लोहारू पुलिस ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर रेड की तो खरकड़ी गांव में एक व्यक्ति अपने घर के सामने गत्ता पेटी मे अवैध रूप से शराब बेच रहा है। आरोपी को काबू किया गया पूछताछ की गई जिसने अपना नाम पवन कुमार निवासी खरकड़ी बताया है। गत्ता पेटी को चेक किया तो उसमें कुल 12 बोतल ठेका शराब माल्टा मस्ती मिली। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की गई है।

## बलबीर सिंह ने जरूरी कागजात और 22 हजार नकदी सहित पर्स लौटाकर कर दिया ईमानदारी का परिचय



**लोक प्रेरणा**

**लोहारू।** यदि बुराई एक मिनट में 100 कोस तक जाती है तो अच्छाई का भी पहुंचना जरूरी है। गांव सिधनवा निवासी मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए कीमती कागजात और करीब 22 हजार से भरा पर्स संबंधित महिला को फोन करके लौटाया। गौरतलब है कि गांव नूनसर निवासी सज्जन सिंह यादव दिल्ली पुलिस में नौकरी करते हैं। दो रोज पहले सज्जन सिंह की पत्नी सुषमा यादव घर आई थी, दिल्ली से आते समय वह ओबरा में एक रेहड़ी पर सामान लेने लगी और वहीं पर अपना पर्स भूल गई। उसके कुछ देर बाद मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह उसी रेहड़ी पर सामान खरीदने के लिए पहुंचे। वहां पर उसने महिला पर्स रखा दिखाई दिया। इस पर उसने रेहड़ी संचालक से पर्स के बारे में जानकारी ली तो रेहड़ी संचालक ने भी पर्स से संबंधित अनभिज्ञता जताई। इस पर बलबीर सिंह ने पर्स को खोलकर देखा तो उसमें करीब 22000 और कुछ जरूरी कागजात थे। एक कागज पर फोन नंबर था, उस फोन नंबर पर संपर्क किया और महिला को उसके पर्स के बारे में बताया। महिला को उसका पर्स लौटाया। पर्स मिलने पर सुषमा यादव ने बलबीर सिंह का बहुत ही आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पैसों से अधिक कीमती इसमें रखे जरूरी कागजात थे। आज ऐसे बहुत कम लोग हैं जिनमें अभी भी ईमानदारी जिंदा है।

# 25 मई से शुरू होगा नौतपा, 42 डिग्री तापमान और चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों से लोगों का जीना मुहाल

## आने वाले दिनों में सूर्य की तपिश से 3 से 4 डिग्री बढ़ सकता है अधिकतम तापमान

**अमित वालिया, लोहारू**

नौतपा शुरू होने में अभी 7 दिन शेष हैं परंतु गर्मी अभी से चरम पर है। सूर्य देव आग उगल रहे हैं जिसके चलते अधिकतम तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। इस साल नौतपा 25 मई से शुरू होगा इस अवधि में धरती का तापमान सबसे अधिक होगा। इन 15 दिनों में प्रचंड गर्मी पड़ेगी और आसमान से आग बरसेगी। नौतपा के शुरू होने से पहले ही दक्षिण हरियाणा के अंतिम छोर पर बसे राजस्थान की सीमा से सटा लोहारू क्षेत्र में सूर्य की तपिश से तपता नजर आया। तापमान वृद्धि से इंसान ही नहीं पशु पक्षियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है। चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोग बरसात के इंतजार में हैं, बरसात नहीं होने से गर्मी पूरे यौवन पर है। आसमान से आग की तरह गर्मी बरसने लगी है। सुबह 8 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगी है जो बाद में लू का रूप धारण कर लेती है। यदि गर्मी बढ़ेगी तो किसानों की कपास की फसल को नुकसान होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि नौतपा जब से आरंभ होता है तब से लेकर अगले 9 दिनों तक धरती पर भीषण गर्मी होती है। इन 9 दिनों तक सूर्यदेव धरती पर आग बरसाते हैं। पंचांग के अनुसार, नौतपा की शुरूआत उस दिन से मानी जाती है जिस दिन से सूर्य रोहिणी नक्षत्र में जाते हैं उसी दिन से नौतपा आरंभ हो जाता है। 25 मई को शुरू होने वाला नौतपा जो 8 जून तक चलेगा। इन दिनों में लोगों को गर्मी से निजात नहीं मिलने वाला है। नौतपा का यह समय अत्यधिक गर्मी के लिए जाना जाता है। इस दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे निकट होते हैं, जिससे तापमान में तेजी से वृद्धि होती है



और भीषण गर्मी का अनुभव होता है। देखा जाए तो नौतपा के शुरूआती 9 दिन सबसे गर्म होते हैं, लेकिन ये 15 दिन की अवधि होती है, जिसमें सबसे अधिक भीषण गर्मी पड़ती है। यह नौ दिन प्रकृति के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है, क्योंकि इस दौरान धरती सूर्य की तेज ऊष्मा को अवशोषित करती है, जो आगे चलकर मानसून के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है।

**किसान कपास की फसल में रात्रि के समय करें सिंचाई: डॉ. सांगवान**

कृषि अधिकारी डॉ. विनोद सांगवान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान के बढ़ने से कपास की पछेती फसल को नुकसान संभव है जो कपास को पौधा जमीन से बाहर आ गया है उसमें नुकसान की संभावना नहीं है। ऐसे में किसानों को विशेष रूप से रात्रि के समय कपास में हल्का पानी फेरते रहना चाहिए।

**कृषि मौसम विज्ञान विभाग चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने मौसम को लेकर जारी की एडवाइजरी**

मौसम को लेकर जारी की एडवाइजरी में बताया गया है कि आमतौर पर 23 मई तक परिवर्तनशील व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान हवाओं में बार बार बदलाव आने की संभावना है। राज्य में एक कम सक्रियता वाले पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 23 मई तक बीच बीच में आंशिक बादल, हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तरी क्षेत्र के जिलों में 19 व 20 मई को तथा दक्षिण व पश्चिमी क्षेत्रों में 21 मई को कुछ एक स्थानों पर हवाओं के साथ छिटपुट बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। परंतु 24 मई से एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य में 24 मई रात्रि से एक बार फिर से मौसम में बदलाव तथा बारिश की संभावना बन रही है।

# मैं आर्किटेक्ट बनना चाहता था चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, वकील बनकर पिता का सपना पूरा किया

**नई दिल्ली ।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई के सम्मान में बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में बीआर गवई ने अपने 40 साल के वकालत के करियर के बारे में कहा कि मैं वे वकील नहीं बनना चाहते थे। उनका सपना आर्किटेक्ट बनने का था। अभिनंदन समारोह में उन्होंने 'बार काउंसिल' का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह समारोह भारत में विविधता की सच्ची तस्वीर है। हमारा संविधान हमारे देश की विविधता के लिए बहुत उपयुक्त है। हमारे देश में क्षेत्रीय, भौगोलिक, आर्थिक विविधता है। जब मैं अपनी 40 साल की यात्रा पर विचार करता हूं, तो पाता हूं कि मैं अपनी इच्छा से वकील नहीं बना। मैं पहले आर्किटेक्ट बनना चाहता था। मैं आज भी अपने उस पैशन को फॉलो करता हूं क्योंकि मैं बॉम्बे हाई कोर्ट की इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी का अध्यक्ष था।

उन्होंने कहा कि मेरे पिता ने सामाजिक क्रांति के लिए बीआर अंबेडकर के आंदोलन में भाग लिया। स्नातक होने के बाद, वह वकील बनना चाहते थे, लेकिन



जेल में रहने के कारण वह एलएलबी की परीक्षा नहीं दे सके।

इसलिए, वह चाहते थे कि उनका एक बेटा वकील बने। मैंने उनके सपने को पूरा किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश गवई ने हाल ही में कहा कि सीजेआई की भूमिका संस्था के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण की मांग करती है। सीजेआई के कर्तव्य केवल सर्वोच्च न्यायालय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे देश में संपूर्ण न्यायिक प्रणाली तक फैले हुए हैं। पूरे कानूनी समुदाय की ओर से, मैं उन्हें दूरदर्शी लक्ष्यों की पूर्ति के लिए पूर्ण सहयोग और प्रतिबद्धता का आश्वासन देता हूं। मैं राष्ट्र और हमारी न्यायिक प्रणाली के लिए न्यायमूर्ति गवई की सेवा के लिए उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

बता दें कि 14 मई को जस्टिस बीआर गवई ने भारत के 52वें सीजीआई के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। सीजीआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो गया था। उनका कार्यकाल सिर्फ सात महीने का है।

# केंद्र सरकार ट्रेड रेमेडी जांच में ई-फाइलिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करेगी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि वह ट्रेड रेमेडी जांच में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दस्तावेज जमा करने के लिए एक ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है।



यह प्लेटफॉर्म जल्द लाइव हो जाएगा, जिससे सभी पक्षकारों के लिए पारदर्शिता, दक्षता और पहुंच में आसानी होगी।

ट्रेड रेमेडी उस प्रक्रिया को कहा जाता है, जहां सरकार घरेलू उद्योग को बचाने के लिए अनुचित व्यापार प्रथाओं (विदेशी कंपनियों द्वारा डंपिंग) आदि पर एक्शन लेती है।

1995 से भारत की ओर से 1,200 से अधिक ट्रेड रेमेडी जांच की जा चुकी हैं।

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) ने प्रभावित उद्योगों को समय पर राहत सुनिश्चित करने के लिए शीघ्रता से जांच करके, जो आमतौर पर एक वर्ष के भीतर पूरी हो जाती है, इस प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाई है।

हाल में कई गई जांच ने सोलर एनर्जी, एडवांस मटेरियल जैसे सोलर सेल और कॉपर वायर रोड जैसे घरेलू उद्योग को अनुचित व्यापार प्रथाओं से बचाने में बड़ी भूमिका अदा की है।

डीजीटीआर की ओर से राष्ट्रीय राजधानी में आठवां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें भारतीय उद्योग को अनुचित व्यापार प्रथाओं और आयात में अचानक वृद्धि से बचाने में सात वर्षों की समर्पित सेवा को याद किया गया। इस अवसर पर डीजीटीआर के महानिदेशक ने भारत के ट्रेड रेमेडी इकोसिस्टम की अखंडता को बनाए रखने में संगठन के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों की सराहना की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, "ड्यूटी और क्वांटिटेटिव प्रतिबंधों के माध्यम से डीजीटीआर ने पाम ऑयल और मेटलर्जिकल कोक जैसे उत्पादों के अचानक आयात में वृद्धि को रोका, जिससे बाजारों को स्थिर करने और औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में मदद मिली है। अस्थिर ग्लोबल ट्रेड डायनेमिक्स के प्रति संवेदनशील मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए इसका सक्रिय होना काफी महत्वपूर्ण है।"

समान पहुंच बनाए रखने के उद्देश्य से डीजीटीआर ने 2019 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर केंद्रित एक हेल्पडेक्स 2019 में लॉन्च की थी।

# दिल्ली में पिछली सरकार द्वारा छोड़े गए कामों को पूरा करेगी दिल्ली सरकार : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शालीमार बाग निर्वाचन क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन बिछाने के कार्य का उद्घाटन करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली आप सरकार के दौरान शुरू किए गए सभी अधूरे विकास कार्यों को पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा।

आगे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार जनहित में पिछली सरकार द्वारा छोड़े गए लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्राथमिकता ये है कि सार्वजनिक कार्य न रुकें। हम फिलहाल अधूरे कार्यों और पिछली सरकार के बकाया भुगतान जैसी देनदारियों को निपटाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक संघों को अनुदान देने की योजना, जिसे आप सरकार ने बंद कर दिया था, जिसको उनकी सरकार फिर से शुरू कर रही है और उनके बकाया भुगतान की व्यवस्था की जा रही है।



उन्होंने कहा कि शालीमार बाग में विकास कार्य के प्रथम चरण में विभिन्न आवासीय ब्लॉकों में पानी और सीवर लाइनें बिछाई जा रही हैं तथा उनकी मरम्मत की जा रही है तथा अगले चरण में क्षतिग्रस्त सड़कों और गलियों की मरम्मत और पुनर्निर्माण किया जाएगा।

# रामभद्राचार्य बोले, 'हमें पीओके चाहिए और बहुत जल्द लेकर रहेंगे'



**नई दिल्ली ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम की जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने जमकर तारीफ की। दावा किया कि पाकिस्तान की ऐसी पिटाई हुई है कि उबरने में उसे सैकड़ों साल लगेंगे। इसके साथ ही संस्कृत विद्वान ने विश्वास के साथ कहा, "हमें पीओके चाहिए और हमें यह बहुत जल्द मिलेगा।"

समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएगा। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत उसकी जमकर धुलाई हुई है और आगे फिर से नापाक हरकत की तो अंजाम घातक होंगे।

उन्होंने आगे कहा, " हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान की जमकर पिटाई की है लेकिन, भारत के हाथों पिटाई खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है। हम कह रहे हैं कि हमें पीओके चाहिए और हमें यह बहुत जल्द मिलेगा।"

जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान को जो चोट पहुंचाई है उससे उबरने में पाकिस्तान को एक शताब्दी का समय लगेगा।

ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मान को रामभद्राचार्य ने लंबे संघर्ष का नतीजा बताया। उन्होंने कहा, जितना बड़ा संघर्ष होता है, उतनी ही बड़ी सफलता भी मिलती है। मैंने लंबे समय तक संघर्ष किया है, इसलिए सफलता भी बड़ी है। पहली बार किसी संत को ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# वान्या शर्मा बनीं सबसे कम उम्र की ग्लोबल योगा आइकॉन, 12वां विश्व रिकॉर्ड बनाया

**नईदिल्ली।** भारत की सात वर्षीय योगिनी, वान्या शर्मा ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए "सबसे कम उम्र की ग्लोबल योगा आइकॉन" बनकर यूनिवर्सल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना 12वां विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है। दिल्ली की रहने वाली वान्या शर्मा ने छोटी उम्र में ही योग के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वह दिल्ली के एस.डी. पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा में कक्षा दो की छात्रा हैं।



वान्या हर सुबह सूर्य नमस्कार और ध्यान करती हैं। वान्या के माता-पिता, हेमंत और हिमानी शर्मा, योग के प्रति समर्पित हैं और उन्होंने वान्या को इस मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वान्या शर्मा के नाम अब तक 12 विश्व रिकॉर्ड हैं, जो गिनीज, एशिया, इंडिया और इंटरनेशनल बुक्स में दर्ज हैं। वान्या को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अवार्ड, रतन टाटा मेमोरियल अवार्ड, ग्लोबल फेम अवार्ड और शहीद भगत सिंह नोबल अवार्ड शामिल हैं।

वान्या "ङ्गँ ङ्ग१ ल्ं१ ॠँ१" अभियान की संयोजिका हैं और दिव्यांग बच्चों को योग सिखाती हैं। वह कई देशों में वर्चुअल योग सत्रों के माध्यम से भी योग का प्रचार कर रही हैं। वान्या का भविष्य का लक्ष्य "ङ्गँ छ्र३३ह्ली२" नामक एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाना है, जहाँ बच्चे खेल-खेल में योग सीख सकें। वह "स्वस्थ भारत" नामक एक डॉक्यूमेंट्री पर भी काम कर रही हैं, जो आयुर्वेद, योग और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देगी। वान्या कल्कि फाउंडेशन की ब्रांड एम्बेसडर भी हैं।

# बृजभूषण शरण सिंह मामले में शिकायतकर्ता महिला पहलवान को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए इस मामले की शिकायतकर्ता महिला पहलवान को नोटिस जारी किया है। एडिशनल सेशंस जज गोमती मनोचा ने शिकायतकर्ता महिला पहलवान को 26 मई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। इस मामले की शिकायतकर्ता ने जब शिकायत की थी तब वो नाबालिग थी।

एक अगस्त 2023 को नाबालिग महिला पहलवान ने कोर्ट में इन कैमरा सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की जांच पर संतोष जताते हुए दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट का विरोध नहीं किया था। उसके बाद कोर्ट ने एक अगस्त 2023 को ही फैसला सुरक्षित रख लिया था। लेकिन जज का तबादला होने की वजह से क्लोजर रिपोर्ट पर दोबारा सुनवाई हो रही है।

15 जून 2023 को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दे दी थी।

# जाट सभा 36 बिरादरी का साथ लेकर हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन के मामले को गंभीरता से लेगी : डॉ कृष्ण श्योकंद

**एकजोत**

**कुरुक्षेत्र।** आज जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में विभिन्न जवलंत मुद्दों समलैंगिक विवाह, लव मैरिज, सम गोत्र विवाह, आसपास के गांव में शादी, लिव इन रिलेशनशिप आदि कुरीतियों को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, यूपी व राजस्थान की 41 खापों के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश के 36 बिरादरी के हर समाज, हर वर्ग द्वारा चुने गए उत्तराधिकारियों ने हिस्सा लिया। धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने बताया कि जाट सभा 36 बिरादरी का साथ लेकर हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन के मामले को गंभीरता से लेगी। इसी उपलक्ष्य में आज के इस आयोजन में करीब 3 घंटे चली इस विशेष मीटिंग में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी बहुत जल्द एक और विशेष मीटिंग करके कमेटी का विस्तार करेगी और हिंदू मैरिज एक्ट संशोधन को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा, प्रधानमंत्री भारत, राज्यपाल हरियाणा और राष्ट्रपति व





माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संपर्क में आकर इन विषयों का स्थाई समाधान करने का प्रयास करेगी। जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र, स्वतंत्र समूह सेवा समिति, जाट एम्पलाइज एसोसिएशन और जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 87 रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया और 78 ब्लड यूनिट एकत्रित की गई। डॉक्टर श्योकंद ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय जाट सभा बहुत जल्दी धर्मशाला का नवीनीकरण करेगी, जिससे पूरे भारत से आने वाले यात्रियों को और ज्यादा बेहतर सुविधाएं मिल सके। संस्था जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र के साथ मिल कर समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता अभियान चलाएगी। सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा सुदृढ़ किया जाएगा। जाट धर्मशाला बहुत जल्द शिक्षा के क्षेत्र में समाज के बच्चों को और ज्यादा बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से मेधावी बच्चों को आगे लाएगी और फ्री कोचिंग उपलब्ध करवाएगी। इस विशेष कार्यक्रम में नैन खाप के अध्यक्ष रघुवीर नैन, संजय देशवाल, गुरनाम सिंह सहारण, अशोक मलिक, जगमत हुड्डा, मास्टर फूल सिंह, जय भगवान रुहिल, दयानंद देशवाल, कर्मवीर सरपंच, हरपाल ढुल, बनी सिंह ढुल, हरिकेश बारना, महंत गोपाल दास, मित्रपाल मलिक, संतोष दहिया, एडवोकेट अमित सांगवान, राजेश सिंगरोहा, रश्मि बालयान, देवव्रत ढांडा, नरेश दलाल, ओमप्रकाश करोड़ा, अन्य खापों के प्रधान, कुरुक्षेत्र जिले की सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रधान व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका 13 पार्षदों ने दिया इस्तीफा, बनाई नई पार्टी



**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शनिवार को केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को बड़ा तगड़ा झटका लगा है। दरअसल पार्षद हेमचंद्र गोयल के नेतृत्व में करीब 13 पार्षदों की शनिवार को बैठक हुई और इसमें कई फैसले लिए गए। सभी पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर थर्ड फ्रंट बनाने का निर्णय लिया है। जिसका नेतृत्व मुकेश गोयल को देने का फैसला लिया गया।

बता दें कि अभी भाजपा के पास 117 सदस्य हैं और आप के पास 113 सदस्य। वहीं कांग्रेस के पास 8 पार्षद हैं। इन 15 पार्षदों में मुकेश गोयल,हेमचंद गोयल,दिनेश भारद्वाज, हिमानी जैन,उषा शर्मा
साहिब कुमार,राखी यादव
अशोक पांडेय,राजेश कुमार,अनिल राणा,
देंवेंद्र कुमार,रोनाझी शर्मा
मनीषा,आदि शामिल हैं।

इस नए थर्ड फ्रंट का नाम इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी रखा गया है। बताते चलें कि पूर्व नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि हमेशा ऊपर से आदेश आते थे। नीचे की कोई बात नहीं सुनी जाती थी। मुझे नेता सदन बनाया गया लेकिन हमें कोई जानकारी नहीं होती थी। मैं 2022 में आप के टिकट पर चुनाव लड़ा था। वहीं हेमचंद गोयल ने कहा कि निगम का अर्थ है सत्ता का विकेंद्रीकरण लेकिन आप ने केंद्रीय स्तर पर एक ही व्यक्ति को शक्ति दे दी। सभी पार्षदों ने सामूहिक इस्तीफा सौंपा है। इसमें उन्होंने लिखा कि हम सभी निगम पार्षद दिल्ली नगर निगम में वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी की टिकट से चुने गए थे, परंतु 2022 में दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली नगर निगम को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ रहा। शीर्ष नेतृत्व का निगम पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई। जनता से वादे को पूरा न कर पाने के हम सभी पार्षद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं।

# भाजपा की दिल्ली सरकार में निजी स्कूल कर रहे मनमानी फीस वृद्धि : आप




**नई दिल्ली ।** दिल्ली में निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वृद्धि को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। 'आप' ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार पर निजी स्कूलों के साथ सांठगांठ करने का आरोप लगाया और कहा कि इसी वजह से फीस वृद्धि पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है।

'आप' ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में बच्चों के उत्पीड़न और फीस वृद्धि को लेकर भाजपा सरकार से छह अहम सवाल पूछे हैं। जिनमें डीएम की रिपोर्ट आने के बावजूद डीपीएस के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं हुई? अभिभावकों को बार-बार हाईकोर्ट क्यों जाना पड़ रहा है? भाजपा डीपीएस को दिल्ली सरकार के अधीन लाकर रेगुलेशन में क्यों नहीं लाना चाहती? डीपीएस की ऑडिट रिपोर्ट कहां है? जिन 1600 से अधिक निजी स्कूलों के ऑडिट का दावा भाजपा कर रही है, उनकी रिपोर्ट और निष्कर्ष क्या है? क्या भाजपा सरकार ने किसी एक भी स्कूल को गैरकानूनी फीस वृद्धि वापस करने का आदेश दिया है?

'आप' ने आरोप लगाया कि अगर भाजपा की निजी स्कूलों से मिलीभगत नहीं होती, तो वह ऑडिट पूरा होने तक फीस वृद्धि पर रोक लगाने का आदेश जरूर जारी करती। आप के आरोप लगाता कि दिल्ली सरकार मुनाफाखोर शिक्षण संस्थानों को बचा रही है। फीस वृद्धि पर रोक नहीं लगाई जा रही है। आप ने अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत अरोड़ा के भाजपा की दिल्ली कार्यकारिणी के सदस्य होने पर भी सवाल खड़ा किया।

आप ने कहा कि जब दिल्ली में 'आप' सरकार थी, तब निजी स्कूलों की फीस में वृद्धि नहीं हुई थी। उस समय सीएजी द्वारा कराए गए ऑडिट में कई स्कूलों में भ्रष्टाचार उजागर हुआ और अभिभावकों से वसूली गई अतिरिक्त रकम उन्हें वापस दिलाई गई। लेकिन अब फिर से निजी स्कूलों की फीस में बेतहाशा वृद्धि शुरू हो गई। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ आप को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि इस समय लाखों अभिभावकों को वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ रहा है। इसके पीछे भाजपा सरकार की निष्क्रियता जिम्मेदार है।

# दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक में तैनात डॉक्टरों को अब नही होगी टेंशन रेखा गुप्ता ने दिया आश्वासन



**श्याम कुमार बघेल**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाने की घोषणा के बाद अपनी नौकरी को लेकर चिंता में डूबे मोहल्ला क्लीनिक में तैनात डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ के प्रति मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहानुभूति दिखाई है। बता दें कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि नई भर्ती में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री आवास शालीमार बाग स्थित पर मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अपनी चिंता साझा कीं। हालाँकि मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि आप निश्चिंत रहें, दिल्ली में जो भी नए आरोग्य मंदिर बनाए जाएंगे, उनमें नई भर्ती में पहले आपको प्राथमिकता (आक्यूपाई करेंगे) दी जाएगी, इसके बाद किसी और को रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने एक दिन पहले ही मोहल्लाक्लीनिक में कार्यरत 431 डॉक्टर को एक साल के लिए कार्य विस्तार दिया गया है।

# महिंद्रा पार्क में किन्नर के भेष में रह रही, तीन बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा

**लोक प्रेरणा**

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम दिल्ली के महेंद्रा पार्क इलाके में अवैध रूप से किन्नर के भेष में रह रहीं तीन बांग्लादेशी महिलाओं को पकड़ा है। सड़क पर भीख मांग रही थीं। तीनों युवतियों को प्रत्यपर्ण के लिए एफआरआरओ को सौंप दिया है।

उत्तर पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि फारेनर्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर विपिन कुमार को अवैध तौर पर रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को ढूंढने के निर्देश दिए गए थे। टीम ने 15 मई को महेंद्रा पार्क इलाके से दीपा नामक महिला को पकड़ा है। वह खुद को पश्चिम बंगाल की निवासी बताकर इलाके में मोमोज की रेहड़ी लगाती थी। दीपा ने पुलिस को पूछताछ के दौरान दोनों युवतियों की फेसबुक प्रोफाइल भी दिखाई। तभी इंस्पेक्टर विपिन की टीम में शामिल रहे एएसआई राजेंद्र हेड कांस्टेबल विक्रम हेड कांस्टेबल प्रवीण हेड कांस्टेबल हवा सिंह और श्यामवीर ने सुहाना और एलीना को पकड़ लिया।

इनसे पूछताछ में मालूम हुआ कि ये किन्नर के भेष में रह रही थीं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अलीना और दीपा को फेसबुक पर आसनसोल और खड़गपुर के लड़के से प्यार हो गया था। दोनों उससे मिलने कोलकाता आईं। इसके बाद कोलकाता से दिल्ली आकर रहने लगीं।



पुलिस अधिकारियों ने एक संदिग्ध द्वारा पोस्ट की गई फेसबुक रील को ट्रैक किया था,जिसमें एक स्थानीय आइसक्रीम की गाड़ी दिखाई गई थी और अनजाने में आस-पास की इमारतें दिखाई दीं।

इस सुराग का उपयोग करते हुए,पुलिस ने वीडियो में दिखाई गई सटीक जगह का पता लगाने के लिए महिंद्रा पार्क इलाके की लगभग 50 गलियों की कड़ी तलाशी ली। डीसीपी ने बताया कि उसने फेसबुक के जरिए एक भारतीय व्यक्ति के साथ रोमांटिक संबंध बनाने की बात कबूल की, जिसने बाद में पश्चिम बंगाल सीमा के जरिए भारत में उसके अवैध प्रवेश में मदद की। महिलाओं ने शुरू में अपने-अपने पतियों के साथ रहने वाली भारतीय नागरिक होने का दावा किया। हालाँकि उनके बयानों में विसंगतियाँ और उनके सामान की गहनता से जाँच की गई, जिसमें मोबाइल फोन भी शामिल हैं। इस कार्यवाही ने सच्चाई का खुलासा किया, अधिकारियों ने प्रतिबंधित आईएमओ एप्लिकेशन वाले दो स्मार्टफोन बरामद किए,जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर बांग्लादेश में अपने परिवारों के संपर्क में रहने के लिए कीपैड मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस की लगातार पूछताछ के दौरान,तीनों महिलाओं ने हिली और बेनापुर इलाकों से अवैध रूप से सीमा पार करने की बात स्वीकारी। वे ट्रेन से दिल्ली आई थीं और भारतीय भागीदारों के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हुए झूठी पहचान के साथ रह रही थीं। संदिग्धों को निर्वासन कार्यवाही के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) आरके पुरम भेजा गया है। फिलहाल पुलिस की भारत में उन्हें शरण देने या उनकी मदद करने वाले व्यक्तियों का पता लगाने के लिए लगातार जांच जारी है।

लोक प्रेरणा
Email- lokprerna@gmail.com

# पालक से डार्क चॉकलेट तकः आयरन की कमी को दूर करते हैं ये फूड्स



महिलाओं में सबसे ज्यादा आयरन की कमी देखी जाती है क्योंकि वे पीरियड्स से गुजरती हैं और इसी वजह से सही डाइट न होने के कारण उनके शरीर में आयरन की कमी हो जाती है. तो इस आर्टिकल में जानते हैं कि वेजिटेरियन लोग अपनी डाइट में किन आयरन रिच फूड्स को शामिल कर सकते हैं.

अगर आपको भी थकान महसूस होती है और किसी काम को करने में मन नहीं लगता है तो ये वजह हो सकती है कि आपके शरीर में खून की कमी है. ये समस्या ज्यादातर महिलाओं और जो लोग वेजिटेरियन हैं उनके साथ होती है. अब ऐसे में आप अपनी डाइट में कुछ आयरन रिच फूड्स को शामिल कर सकते हैं जो आपके शरीर को फिट रखने में हेल्प करेंगे और आयरन की कमी को दूर करेंगे.आयरन केवल मीट या फिश में ही नहीं होता है. शाकाहारी लोगों के पास भी कई ऑप्शन हैं जिनको वो डाइट में शामिल करके शरीर में हो रही आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं. उसके लिए आप अपनी डाइट में पालक, दाल, छोले, डार्क चॉकलेट का सेवन करके आयरन की कमी को पूरा कर सकते हैं. तो चलिए जानते हैं ये फूड्स आयरन को कैसे बढ़ाते हैं.ड्रोन बनाते हैं तुर्की राष्ट्रपति के दामाद, बेटी भी निशाने पर; भारत की इस कंपनी से क्या है नाता?ये 5 आयरन रिट फूड्स जिन्हें डाइट में जरूर करना चाहिए शामिल

पालक को करें डाइट में शामिल

पालक एक आयरन रिच फूड है. एक कटोरी पालक में 6.4 मेगाग्राम आयरन होता है जो महिलाओं में खून की कमी को दूर करने में मदद करता है. सबसे अच्छी बात ये है कि पालक को आप कई तरह से अपने खाने का हिस्सा बना सकते हैं. फिर चाहे इसका सूप बना लें, सब्जी बना लें, पास्ता में डाल दें या स्मूदी बना दें. पालक में आयरन के साथ-साथ विटामिन सी भी होता है जो आपकी बॉडी के लिए बहुत जरूरी होता है.

दालें भी हैं लिस्ट में

दालों में आयरन अच्छी मात्रा में होता है. एक कटोरी दाल में 6.6 मेगाग्राम आयरन होता है. सबसे अच्छी बात है कि दाल तो आपके खाने का हिस्सा होती है और ये सस्ती भी मिल जाती है. इसके अलावा दाल में प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है.

छोला भी है आयरन रिच

एक कटोरी छोले में करीब 4.7 मेगाग्राम आयरन होता है. इसे आप सब्जी के तौर पर, सलाद, स्नैक्स की तरह खा सकते हैं. ये सबसे अच्छा तरीका है शरीर में आयरन की कमी को पूरा करने का.


टोफू हैं फायदेमंद

टोफू विगन लोगों का पसंदीदा आहार है. आधी कटोरी टोफू में 3.4 मेगाग्राम आयरन होता है. आयरन के साथ-साथ इसमें प्रोटीन और कैल्शियम भी अच्छी मात्रा में होता है. ये आपके शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है.

डार्क चॉकलेट से बढ़ेगा आयरन

डार्क चॉकलेट न केवल आपकी क्रेविंग को दूर करता है और मूड को रिफ्रेश करने में हेल्प करता है. बल्कि डार्क चॉकलेट शरीर में आयरन को भी बढ़ाने में हेल्प करता है.

# बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध के व्यापक परिणाम होंगे



इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है।

पिछले सप्ताह डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से देश में सक्रिय राजनीतिक दलों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह, यह निर्णय भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसके पड़ोसी देश में कोई भी मित्र राजनीतिक दल सक्रिय नहीं है। यूनुस सरकार की इस कार्रवाई के व्यापक प्रभाव पर भारतीय मीडिया का अभी ध्यान नहीं गया है, क्योंकि पिछले सप्ताह भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इसकी पूरी तरह से संलिप्तता रही है, लेकिन दक्षिण एशियाई मामलों के भारतीय विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार अब दक्षिण एशियाई देशों में पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गयी है।अवामी लीग(एएल)शेख मुजीबुर रहमान द्वारा स्थापित राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी ने 1971 में बांग्लादेश के गठन के लिए मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। एएल ने 2024 तक बांग्लादेश पर अधिकांश वर्षों तक शासन किया, सिवा सेना शासन के वर्षों और खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपीके दो कार्यकालों को छोड़कर। वर्तमान में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी है जिसकी अध्यक्ष हैं खालिद जिया। शेख हसीना ने 2009 से लगातार पंद्रह वर्षों तक शासन किया, लेकिन 5 अगस्त, 2024 को उन्हें अवामी लीग सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में अपना पद छोड़ना पड़ा और वे भारत चली आयीं। वे अभी भी भारत में रह रही हैं और कभी-कभी वीडियो के माध्यम से बांग्लादेश में अपने एएल समर्थकों को संबोधित करती हैं।पिछले सप्ताह ढाका में छात्रों की नयी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने 72 घंटे की विशाल रैली निकाली, जिसमें सरकार से अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। एनसीपी एकमात्र पार्टी है, जिसने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने को अपना मुख्य कार्यक्रम बनाया है। पहले चर्चा थी कि अवामी लीग को सीमित रूप में काम करने दिया जायेगा,जिसमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं किया जायेगा, जिन पर हत्या और यातना देने के आरोप हैं। बीएनपी पहले कुछ दिशा-निर्देशों के तहत एएल को चुनाव में भाग लेने देने के पक्ष में थी, लेकिन अब सरकार के आधिकारिक प्रतिबंध के बाद बीएनपी ने भी प्रतिबंध को राष्ट्रीय मांग बताते हुए उसे अपने समर्थन की घोषणा की है।परिणामस्वरूप, आने वाले चुनावों में मुकाबला दो मुख्य पार्टियों - बीएनपी, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं और एनसीपी जिसका नेतृत्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में आरक्षण विरोधी आंदोलन के जरिये शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभायी थी- के बीच होगा। अन्य पार्टियां, जो बहुत छोटी हैं,वे किसी न किसी समूह के साथ गठबंधन करने की कोशिश करेंगी। हाल के महीनों में जमात-ए-इस्लामी ने विदेशों में इस्लामी देशों से बड़ी वित्तीय सहायता के कारण ताकत हासिल की है, लेकिन नागरिकों के बीच इस पार्टी की स्वीकार्यता बहुत कम है। मुख्य चुनावी लड़ाई बीएनपी और एनसीपी तक ही सीमित रहेगी।अवामी लीग का भविष्य क्या है? अवामी लीग के पास देश में अभी भी समर्पित कार्यकर्ताओं का एक समूह है, हालांकि उनमें से कई खुले तौर पर काम नहीं कर सकते। अवामी लीग निश्चित रूप से प्रतिबंध को अदालत में चुनौती देगी। लेकिन सरकार ने आदेश में कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, जिससे अगर अवामी लीग कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसके लिए मुश्किल हो जायेगी। अवामी लीग की नेता शेख हसीना हाल के हफ्तों में सक्रिय नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष से निपटने में अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। इसलिए भारतीय विदेश मंत्रालय शेख हसीना को अभी भारतीय धरती से कोई सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहेगा।बांग्लादेश के राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और क्या इससे अवामी लीग एक राजनीतिक पार्टी के रूप में खत्म हो जाएगी, इस बारे में अलग-अलग राय हैं।बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक डेली स्टार के अनुसार, अवामी लीग केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है - यह एक बहु-पीढ़ी संस्था है। देश भर में लाखों लोगों ने अतीत में इसका समर्थन किया है, उनमें से कई ऐसे परिवारों में जन्मे हैं जो दशकों से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। नयी वास्तविकता में इन लोगों का क्या होगा? वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।इसके अलावा, प्रतिबंध एएल को ठीक वही देता है जिसकी उसे अपनी छवि को फिर से बनाने के लिए ज़रूरत है - उत्पीड़क से उत्पीड़ित तक। डेली में व्यक्त राय के अंश में कहा गया है

कि वही पार्टी जिसने असहमति को दबाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल किया, अब पीड़ित होने का दावा करती है। यह भी बताया गया है कि बांग्लादेश नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वचन (आईसीसीपीआर) का हस्ताक्षरकर्ता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिबंधों को वैधता, आवश्यकता और आनुपातिकता के परीक्षणों को पूरा करना चाहिए।एक व्यापक पार्टी प्रतिबंध - राजनीतिक प्रतिबंध का सबसे चरम रूप - केवल तभी उचित ठहराया जा सकता है जब अन्य सभी छोटे प्रतिबंधात्मक साधन स्पष्ट रूप से विफल हो गये हों। राज्य के पास अभी भी शक्तिशाली उपकरण हैं- वह विश्वसनीय रूप से अपराध के आरोपी एएल नेताओं पर मुकदमा चला सकता है, गवाहों और कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर सकता है, हिंसक गुटों को भंग कर सकता है और यहां तक कि लक्षित दंड भी लगा सकता है। ये तंत्र न्याय को मजबूत करते हैं।इस दृष्टिकोण के अनुसार, न्याय की मांग है कि दोषियों को दंडित करें- उन सभी को नहीं जो सीधे तौर पर उनसे जुड़े नहीं हैं। सामूहिक दंड, भले ही धार्मिक कारणों से प्रेरित हो, संक्रमणकालीन न्याय की वैधता को कमजोर करता है। इतिहास से पता चलता है कि पार्टियों को भंग करने से राष्ट्रों में कभी सुधार नहीं होता। यह अक्सर दरारों को और गहरा करता है, शिकायतों को बढ़ाता है, और उन लोगों को शहीद बनाता है जो कभी आरोपी थे।लेकिन ये तर्क शिक्षित हलकों तक ही सीमित हैं। फिलहाल, एनसीपी और जमात द्वारा अवामी लीग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए एक राजनीतिक माहौल बनाया गया है। इस बात की बहुत कम संभावना है कि चुनाव से पहले इस स्थिति में कोई बदलाव आयेगा। इसे केवल अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप से ही संभव बनाया जा सकता है। केवल अमेरिका ही आने वाले चुनावों में अवामी लीग के लिए कुछ जगह बनाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। लेकिन अभी तक इस बात क । कोई संकेत नहीं हैं कि अमेरिका ऐसा करेगा।

## संपादकीय

# सीवर में दर्दनाक मौतें

यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफ करने के लिये कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिये ये काम बदस्तूर जारी है। फलतः सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है। यह दुखद ही कि छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक -दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैफ्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। निश्चित रूप से ये अलग-अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अक्सर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है। बठिंडा में लोगों के विरोध के बाद एक निजी ठेकेदार के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज जरूर की गई, लेकिन फरीदाबाद और रोहतक में मामला दर्ज होने की कोई खबर नहीं है।

दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिये पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिये मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता।

कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिये स्वतः कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए। मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए। ये काम सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे। बदलाव व्यवहार में भी नजर आए। हमारे कानून को ठीक से लागू न कर पाने से किसी की दर्दनाक मौत नहीं होनी चाहिए।

सीवर कर्मियों की मौत पर रोते-बिलखते और असहाय परिवारों का अंतहीन दर्द अब खत्म होना ही चाहिए। दुर्भाग्य से परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के मर जाने के बाद उसके परिवार व बच्चों की परवरिश की कोई व्यवस्था नहीं होती। उन्हें मुआवजा देने से भी ठेकेदार बच जाते हैं। ऐसे परिवारों के पुनर्वास को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# किसान कार्यकर्ता, जिसने उम्मीद के बीज बोए

महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है।मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के एक किसान ने बरसों से परती पड़ी जमीन को न केवल उपजाऊ बना लिया है बल्कि उसमें पेड़ लगाकर उसे हरा-भरा भी कर लिया है। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है। लेकिन यह किसान सिर्फ खुद ही पौष्टिक अनाज की खेती नहीं करते, बल्कि एक संस्था से जुड़कर आदिवासियों को भी जैविक खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। यह कहानी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरी तरह जैविक है, श्रम आधारित है, और कम लागत वाली है, जो इस समय की जरूरत है। आज इस कॉलम में एक किसान कार्यकर्ता की लगन, जिद और मेहनत की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे बिना रासायनिक खेती की बारीकियां समझी जा सकें।अनूपपुर से मात्र 10 किलोमीटर दूर है जमूड़ी गांव, और यहीं है महेश शर्मा के परिवार की जमीन। कुछ समय पहले इस खेती को देखने के लिए मैं जमूड़ी गया। लम्बे अरसे से जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर महेश शर्मा काम कर रहे हैं। पहले वे छत्तीसगढ़ में खेती का काम कर रहे थे, जहां बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था का कार्यक्षेत्र है। जब संस्था के कार्यक्षेत्र का विस्तार मध्यप्रदेश में भी हुआ, तब यहां भी खेती कार्यक्रम शुरू हो गया। वैसे तो यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करती है, पर संस्था का मानना है कि सिर्फ बीमारी का इलाज ही नहीं, उसकी रोकथाम भी जरूरी है। इसके लिए जैविक तरीके से पौष्टिक अनाजों व सब्जी बाड़ी की खेती पर जोर दिया जा रहा है, जिससे लोगों को पोषणयुक्त भोजन मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। इसी के मद्देनजर अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ प्रखंड में आदिवासियों के बीच पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है।जैविक खेती करने वाले महेश शर्मा ने बताया कि उनके परिवार की जमूड़ी गांव में 5 एकड़ जमीन है। इस जमीन पर उन्होंने 5 साल पहले खेती शुरू करना शुरु किया। इसके पहले यह जमीन बंजर पड़ी थी। लेकिन बहुत ही कम समय में उन्होंने इस जमीन को उपजाऊ बना लिया है। और वह भी पूरी तरह जैविक तौर-तरीके अपनाकर। सबसे पहले मल्चिंग की, यानी हरी खाद से भूमि का ढकाव, जिससे जमीन उपजाऊ हुई, हवादार, पोली और भुरभुरी हुई। और फिर इसमें कई तरह के फलदार पेड़ भी रोपे।



वे आगे बतलाते हैं कि खेत में हरी सब्जियां व मसाले भी उगाते हैं। मड़िया, अरहर, तिल्ली, मुंगफली, अमाड़ी और धान इत्यादि भी लगाते हैं। उनके खेत में सब्जियों में लौकी, करेला, सेमी, बरबटी, भिंडी, बैंगन इत्यादि की खेती अच्छी होती है। उन्होंने अब घर के लिए सब्जियां व मसाले खरीदना बंद कर दिया है। राजगिरा, मिर्च, मैथी, धनिया, प्याज, आलू, टमाटर इत्यादि की फसलें होती हैं। और इन सबसे उनकी घर के खाने की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं। हल्दी और मडिया की बिक्री किसान मेलों में हो जाती है। जनस्वास्थ्य सहयोग संस्था मडिया के बिस्कुट भी बनाती है।उन्होंने बताया कि खेतों की मेड़ों में बड़ी संख्या में फलदार पेड़ भी लगाए हैं। अगर पेड़ होते हैं तो पक्षी आते हैं, और ये पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। यहां अमरूद के 45 पेड़, नींबू के 4, आम के 11, सीताफल के 8, केले के 40, अनार के 5, महुआ के 15, पपीता के 12, और करौंदे के 20 पेड़ लगाए हैं। सेमरा के 100 से ज्यादा पेड़ लगाकर खेत की बागुड़ कर दी है।वे आगे बताते हैं कि महुआ फूल की बिक्री से ही उन्हें इस वर्ष 20 हजार रूपए मिले, जिससे उन्होंने देसी गोबर खाद खरीदा, और पूरी जुताई व बुआई करवाई। इस सबमें लगभग 15 हजार की राशि खर्च हुई। धान की खेती बिना रासायनिक खाद व बिना कीटनाशक के की है। यानी महुआ फूल बेचकर जो राशि मिली, उसी में पूरी खेती की लागत निकल गई।उनके पास दो कुआं हैं, दोनों ही सूख चुके थे, लेकिन जब तालाब बनाया तो दोनों ही कुएं फिर से पानीदार हो गए। अनूपपुर जिले की सीमा से छत्तीसगढ़ राज्य लगा हुआ है, जहां की तालाब संस्कृति प्रसिद्ध है। वहां एक गांव में कई तालाब होते हैं। महेश शर्मा इस संस्कृति से भलीभांति परिचित हैं, और इसलिए उन्होंने खेत का पानी खेत में रोकने का जतन किया। तालाब बनाकर बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा है।वे बतलाते हैं कि जो पेड़ लगाए थे, वे अब फल देने लगे हैं। करौंदा में पहली बार फल आ गए हैं। अमरूद और पपीता फलने लगे हैं। खेत में बाजरा के भुट्टे लहरा रहे हैं। कुदरती तौर पर होनेवाली गूजा की हरी पत्तीदार साग हुई है।महेश शर्मा न केवल खुद खेती करते हैं बल्कि जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के साथ मिलकर किसानों को जैविक खेती के तौर-तरीके सिखाते हैं, और उन्हें खेती करने के लिए देसी बीज भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के झींगटपुर गांव में गांववालों की मदद से बीज व अनाज बैंक भी बनाया है, जहां कई तरह के देसी अनाजों के बीजों का संग्रह है। विशेषकर, देसी धान की कई किस्में उनके बीज बैंक में हैं। इसके अलावा, जैविक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी देते हैं।जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था के डॉ. पंकज तिवारी बतलाते हैं कि पुष्पराजगढ़ प्रखंड काफी पिछड़ा है और आदिवासी बहुल है। इस क्षेत्र के लोग ज्यादातर मजदूरी और खेती करके जीवनयापन करते हैं। यहां बच्चों में कुपोषण देखा जाता है। इसे दूर करने के लिए संस्था की ओर से 3 साल तक के छोटे बच्चों के लिए झूलाघर की तरह फुलवारी संचालित की जाती हैं। इन फुलवारियों में हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जो बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में शामिल की जाती हैं। इसके अलावा, किसानों को पौष्टिक अनाज की खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस साल 85 किसानों ने जैविक खेती की है। इसके अलावा, इन्हीं किसानों के साथ मशरूम की खेती भी की जा रही है।वे आगे बताते हैं कि सब्जी बाड़ी में लौकी, भिंडी, कद्दू, करेला, भटा और मिर्ची उगाई जाती है। अक्टूबर से फरवरी तक सब्जी बाड़ी से हरी सब्जियां मिलती हैं। सब्जी बाड़ी में अलग से पानी देने की जरूरत भी नहीं है। फुलवारी में बच्चों को जो हाथ धुलाने के लिए जो पानी इस्तेमाल होता है, उसी से सब्जी बाड़ी को पानी मिल जाता है।महेश शर्मा ने बताया कि महिला किसानों ने भी मडिया की खेती की है। उपरीकला की फुलवारी कार्यकर्ता लीलाबाई, प्यारी गांव की फुलवारी कार्यकर्ता कौशल्याबाई जैसी कई किसानों ने मडिया की खेती की है।कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है महेश शर्मा व जन स्वास्थ्य सहयोग की पहल से देसी बीजों के साथ पौष्टिक अनाजों की खेती की जा रही है। इस खेती में खर्च न के बराबर है। न रासायनिक खाद की जरूरत और न ही कीटनाशक की। यह खेती पूरी तरह जैविक है। वृक्ष खेती यानी पेड़ों से जैव खाद मिलती है, पक्षी कीटनाशक का काम करते हैं। खेत का पानी खेत में रोककर तालाब में बारिश की बूंद-बूंद को सहेजा जा रहा है। इसमें भूजल उलीचने के लिए किसी भी प्रकार की बिजली, डीजल की जरूरत नहीं है।इसके अलावा, आदिवासी किसानों को भी खेती के तौर-तरीके सिखाएं जा रहे हैं। विशेषकर, महिला किसानों को इससे जोड़ा जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण का उदाहरण है। लुप्त हो रहे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन भी हो रहा है। मडिया व मशरूम की खेती की जा रही है। इससे लोगों की सेहत में सुधार हो रहा है और कुछ आमदनी भी बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में पेड़ों के साथ पौष्टिक अनाज व बिना मशीनीकरण के खेती का महत्व और भी बढ़ जाता है, जिससे जैव विविधता व पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, यह पूरी पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

# गाजियाबाद बनेगा देशभक्ति और मातृशक्ति के संगम का साक्षी- 'सिंदूर तिरंगा यात्रा' का होगा ऐतिहासिक आयोजन

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद ।** पहलगांव में हुए कायराना आतंकी हमले के पश्चात भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिन्दूर में आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने की वीर गाथा को श्रद्धांजलि स्वरूप, भारतीय सेना के अदम्य साहस एवं पराक्रम के सम्मान में गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी के दिशा-निर्देशन में *"सिंदूर तिरंगा यात्रा" का ऐतिहासिक आयोजन दिनांक 18 मई 2025, रविवार को शाम 4:00 बजे दिल्ली गेट स्थित देवी मंदिर से आरंभ होकर रानी लक्ष्मी बाई स्मारक पर देशभक्ति की अमर गूंज के साथ समापन करेगी। इस यात्रा की विशेषता यह होगी कि मातृशक्तियाँ देश के वीर जवानों के सम्मान में आम बहनों को सिंदूर एवं तिरंगा भेंट करेंगी, जिससे भारतीय सेना के पराक्रम और राष्ट्र की गरिमा का यशगान जन-जन तक पहुँचेगा। यह पहल भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और महिला नेतृत्व का अद्वितीय संगम प्रस्तुत



करेगी।कार्यक्रम के संबंध में महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी ने कहाः ह्लहमारे सैनिकों ने आतंकियों को जिस साहस और दृढ़ता से जवाब दिया है, वह हर भारतवासी के लिए गौरव का विषय है। 'सिंदूर तिरंगा यात्रा' मातृशक्ति के माध्यम से एक जन-जागरण है, जो सेना के पराक्रम को नमन करते हुए देश के प्रति नारीशक्ति की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। गाजियाबाद की यह यात्रा पूरे देश में एक प्रेरणास्त्रोत बनेगी।ह्लकार्यक्रम में वर्तमान मेयर श्रीमती सुनीता दयाल एवं पूर्व मेयर श्रीमती आशा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

आयोजन की संयोजिका श्रीमती अनीता शर्मा (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महिला मोर्चा), श्रीमती कविता सिरोही (क्षेत्रीय मंत्री, महिला मोर्चा) एवं श्रीमती पूनम कौशिक (महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष) होंगी।विधानसभा स्तर पर नेतृत्वः डॉ. ऋचा भदौरिया झ संयोजिका,दीप्ति चौहान झ सह-संयोजिका, पूनम चौधरी झ संयोजिका, साहिबाबाद मे अपनी भूमिका निभाएंगी। शैली त्यागी झ संयोजिका, मुरादाबाद भी गाजियाबाद की इस यात्रा में संगठन की ओर से उपस्थित रहेंगी।यह आयोजन न केवल गाजियाबाद की धरती को गौरवान्वित करेगा, बल्कि मातृशक्ति की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को भी सशक्त संदेश देगा।

## दबंगो ने युवक को बहाने से बुलाकर की लूट

**लोक प्रेरणा**

**मसौली बाराबंकी।** शराब पीने के बहाने बुलाकर तीन साथियो ने युवक से 5 हजार की नगदी सहित ओपो मोबाइल छीन लिया पीड़ित युवक ने थाना मसौली मे छिनौती की तहरीर दी है। नगर कोतवाली के बड़ेल निवासी मोहम्मद शमीम पुत्र महबूब शुक्रवार की देर शाम मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर अपने बहनोई के घर आया था शेरपुर निवासी मो0 आलम पुत्र जमील, सलामन पुत्र साकिर अपने एक अन्य साथी महींन के साथ मसौली स्थित देशी शराब ठेके पर ले गये तथा शराब ठेके पर उक्त लोगो ने 5 हजार की नगदी व ओपो मोबाइल छीन लिया मागने पर उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो गये तथा पैसा देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने मसौली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई का गठन



**लोक प्रेरणा**

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद बाराबंकी की बंकी ब्लॉक इकाई के गठन एवं महिला मोर्चा के गठन के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बंकी ब्लॉक बडेल में किया गया। बैठक में संगठनात्मक विस्तार और शिक्षक हितों को और अधिक मजबूती देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता उमा सिंह ने की, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्र शेखर यादव, विशिष्ट अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा उपस्थित रहे। साथ ही मंत्री विजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, फैज अहमद उपाध्यक्ष अरुण वर्मा ,डॉ दिनेश यादव, मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा एवं अमित वर्मा उपस्थित रहे। गठन/रिक्त पदों का चुनाव के तहत कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। मनोज वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष बंकी के पद पर एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा जी का मनोनयन किया गया। मुख्य रूप से महिला मोर्चा का गठन किया गया जिसमें प्रियंका रायपुर अध्यक्ष पद, भावना वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष प्रज्ञा पांडे एवं अवंतिका सिंह को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। युवा मोर्चा के अध्यक्ष सौमित्र आनंद, सूरज वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आलोक राय उपाध्यक्ष एवं विशाल यादव को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। महिला मोर्चा नगर क्षेत्र के रूप में अध्यक्ष सुषमा यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरोज वर्मा, वंदना सिंह उपाध्यक्ष, मंत्री गौरी रस्तोगी, संगठन मंत्री पद पर प्रीति यादव को जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुमताज अहमद ने किया। कार्यक्रम में आलोक राय, यादवेंद्र प्रताप सिंह विनोद वर्मा ललित पाठक निशु बैसवार और विशाल यादव अभिषेक कश्यप दिव्यांगना जायसवाल निधि वर्मा लक्ष्मी निरंजन नीतू वर्मा नीतिका वर्मा पूनम सिंह आशुतोष बैसवार, बृजेश कुमार, वेद प्रकाश ,प्राजंलि राय भावना, शालिनी, नीलिमा, साधना के साथ दर्जनों शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## वाल्मीकि रक्षा दल की समीक्षा बैठक संपन्न, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद।** वाल्मीकि रक्षा दल की एक काम सभा हुई जिसमें सभी पांचो संस्थापक सदस्यों ने मिलकर संगठन को आगे बढ़ाने के लिए कुछ है मुद्दों पर फैसले लिए और समाज हित में कार्य करने के लिए लोगों को जुड़ने का संदेश दिया वाल्मीकि रक्षा दल द्वारा सबसे पहले शिक्षा रोजगार शोषण और वंचितों को उनका हक दिलाने के लिए कार्य किए जाएंगे इन सभी विषयों पर इस सभा में निर्णय लिए और इस वर्ष पास हुए दसवीं और बारहवीं के सभी विद्यार्थियों के लिए वाल्मीकि रक्षा दल जल्द ही एक शिक्षा सेमिनार लगाने जा रहा है जिसमें पास हुए भी विद्यार्थियों को अपने भविष्य में आगे क्या कोर्स करने हैं किस फील्ड में जाना है और भविष्य में की जाने वाली बहुत सारे कोर्सों की जानकारी दी जाएगी वह शिक्षा पर जोर दिया जाएगा लोगों को शिक्षा के लिए जागरूक किया जाएगा वाल्मीकि रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश चंदेल द्वारा



शिक्षा को लेकर जो प्राथमिकता दी जा रही है वह वाकई काबिले तारीफ है और इसी प्रकार यदि वाल्मीकि समाज को शिक्षा के लिए पूर्ण जागरूक कर दिया जाए तो किसी भी तरह का शोषण होना ना के बराबर हो जाएगा क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जो हर शोषण का निवारण करता है वही वाल्मीकि रक्षा दल के प्रमुख महासचिव एडवोकेट रवि बेदी द्वारा समाज में फैली कुरीतियों के निवारण हेतु कुछ अहम फैसले लिए गए अंधविश्वास पाखंडवाद के खिलाफ भी वाल्मीकि रक्षा दल एक आंदोलन चलाएगा व सफाई कामगार परिवारो के लिए उचित वेतन उचित उपकरणों के लिए सरकार से मांग भी करेगा वाल्मीकि रक्षा दल हर अहम मुद्दों पर काम करेगा जिनका वह समझ में फायदा पहुंचा सके ।

## महिला की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने शुक्रवार को महिला की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है।

थाना शिकोहाबाद के पंजाबी कालोनी कटरा मीरा निवासी हनी गुप्ता पुत्री रामशंकर की रिंकू दिवाकर पुत्र रामगोपाल निवासी ज्ञान भारती स्कूल वाली गली ने 28 नवंबर 2022 को प्लास मारकर हत्या कर दी थी। वह किशोरी के साथ जबरजस्ती करने का प्रयास कर रहा था। महिला हनी के भाई गौरव ने रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपित रिंकू के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट संख्या 3 राजीव सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रिय प्रताप सिंह ने की।

## सड़क हादसा: मोहम्मदाबाद में दो बाइकों की भिड़ंत, ट्रक ड्राइवर महेंद्र की मौत, दो घायल

### मरहाला पुलिया के पास हुआ हादसा, घायलों को लोहिया अस्पताल किया गया रेफर

**लोक प्रेरणा**

**मोहम्मदाबाद (फरुर्खाबाद)।** इटावा-बरेली हाईवे पर स्थित मरहाला पुलिया के पास शुक्रवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान जनपद मैनपुरी के थाना भोगांव के गांव मायाचंद्रपुर निवासी 30 वर्षीय महेंद्र सिंह उर्फ मोहित के रूप में हुई है।

घटना के समय महेंद्र सिंह अपनी



ससुराल मदनपुर से मरहाला निवासी अपने मित्र से मिलकर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें खिमसेपुर निवासी अर्पित और उसका साथी गौरव भी घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस के जरिए तीनों घायलों को मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ चिकित्सक डॉ. प्रशांत सेंगर ने महेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल अर्पित एवं गौरव को बेहतर उपचार हेतु लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मृतक महेंद्र सिंह पेशे से ट्रक ड्राइवर थे और वह पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी जूली, मां विनीता देवी और पांच वर्षीय पुत्र राघव हैं। हादसे की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध पटाखों का जखीरा जब्त: एक आरोपी गिरफ्तार, मकान को बनाया था अड्डा




**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद।** पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गुलशन कालोनी ग्राम शहजादपुर में स्थित एक मकान में अवैध तरीके से पटाखों का निर्माण का कार्य करने वाले अभियुक्त इरफान पुत्र सगीर निवासी फर्रुखनगर असालतपुर थाना टीलामोड गाजियाबाद उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

जिसके कब्जे से 10 पेटी फायर शाट्स (पूर्ण निर्मित कुल संख्या 1800 ) व 500 सुतली बम व 500 सुतली बम लाल टेप से कसे हुए व 10 पैकेट डेटोनेटर फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाले ( कुल 1000 ) व 14 बोरे ( कुल वजन 285 किलो ) फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाला सफेद पाउडर व 39 किलो 220 ग्राम फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने काला पाउडर (बारूद) व 34 किलो 860 ग्राम फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाला सिक्के का चूरा / बूटटा व 08 किलो 600 ग्राम फायर शाट्स बनाने मे प्रयोग होने वाला हल्के पीले व सफेद रंग का पाउडर ( गंधक-पोटाश) तथा पटाखे बनाने की अवैध सामग्री उपकरण सहित बरामद हुई।

इसके अलावा बरामदगी के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल धारा-9(बी)1(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच की जा रही है। गाजियाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इरफान पुत्र सगीर को गिरफ्तार किया है। जिसकी उम्र 33 वर्ष बताई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ वांछित अभियुक्तों के नाम हैं कामिल, समीर, आस मोहम्मद, महबूब और इसरार हैं। ये सभी मुरादनगर के रहने वाले हैं। पुलिस को आरोपी के पास से 10 पेटी फायर शाट्स, 500 सुतली बम, 500 सुतली बम लाल टेप से कसे हुए। 10 पैकेट डेटोनेटर फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाले, 14 बोरे फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाला सफेद पाउडर, 39 किलो 220 ग्राम फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने काला पाउडर, 34 किलो 860 ग्राम फायर शाट्स बनाने में प्रयोग होने वाला सिक्के का चूरा, बूटटा और 8 किलो 600 ग्राम फायर शाट्स बनाने मे प्रयोग होने वाला हल्के पीले व सफेद रंग का पाउडर. 20 बोरे फायर शाट्स बनाने वाली गत्ते की बेलनाकार नली, 215 बंडल पैकिंग के छोटे गत्ते, 30 बंडल पैकिंग के बडे गत्ते, 5 बंडल सफेद रंग का चमकीला पेपर रैपर और 7 बंडल महरुम रंग का चमकीला पेपर रैपर, 3 हथौडे प्लास्टिक के, 5 बेलन प्लास्टिक के, 2 बेलन लकड़ी के, 3 बेलन लोहे के, एक छोटा जैक, एक ड्रिल मशीन , एक मिक्सी मशीन, एक छोटा ड्रम रंग नीला, एक सफेद रंग का टब मय ढक्कन, 6 टेप कटिंग मशीन, 15 बडे टेप, औ 130 टेप, एक झरना बरामद किया है। अभियुक्त के विरुद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना टीलामोड, थाना लोनी, थाना मुरादनगर पर विस्फोटक अधिनियम व सीएलए एक्ट के 5 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### जल शक्ति मंत्री ने परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**लोक प्रेरणा**

**बाराबंकी।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को तहसील रामनगर के अन्तर्गत ग्राम बबुरी, केदारीपुर, बेलहरी, कुसौरा, करमुल्लापुर आदि में सरयू (घाघरा) नदी के दायें तट पर स्थित चहलारीघाट गनेशपुर तटबंध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारीगण स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व सभी कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिये जाये तथा जिन कार्यों में प्रगति धीमी है उसे विशेष ध्यान देकर निर्माण कार्यों में तेजी लायी जाये तथा सुरक्षित स्तर तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाये। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि चहलारीघाट गनेशपुर तटबंध जिसकी कुल लम्बाई 54.600 किमी0 है जिसमें से जनपद सीतापुर में कुल 33.500 किमी० क्षेत्र एवं 21.100 किमी० बाराबंकी का क्षेत्र बाढ़ से सुरक्षित हुआ है। इस तटबंध के बनने से आस-पास के क्षेत्र में बाढ़ का फैलाव सीमित हुआ है।

## कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को निगम ने बनाया हाईटेक, नगर आयुक्त ने लिया जायेजा

### कंपनी बाग लाइब्रेरी में किताबों का रखरखाव होगा डिजिटल, विद्यार्थियों को मिलेगी इंटरनेट की सुविधा ।

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद।** विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त के द्वारा कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी का जीर्णोद्धार कराया गया है, जिसका नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया शीघ्र ही महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा हाईटेक लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए शुभारंभ किया जाएगाह्ल नई सोच के साथ नगर आयुक्त द्वारा जहां शहर के विकास कार्यों को रफ्तार दी जा रही है वहीं विद्यार्थियों के लिए भी नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को हाईटेक बनाया गया, कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को हाईटेक बनाने में निगम के द्वारा कोई भी व्यय नहीं किया गया है नगर आयुक्त की प्लानिंग के क्रम में सीएसआर एक्टिविटी के तहत लाइब्रेरी को आधुनिक रूप दिया गया है, निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहेह्ल नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कंपनी बाग लाइब्रेरी में विद्यार्थियों द्वारा कई समस्याओं का सामना किया जा रहा था विद्यार्थियों से हुई चर्चा के क्रम में प्लानिंग करते हुए उक्त लाइब्रेरी को आधुनिक बनाया गया जिसे शीघ्र उद्घाटन किया जाएगा, लाइब्रेरी में एक समय में 40 से 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से कमरा बनाया गया है प्रकाश युक्त लाइब्रेरी बनाई गई है



जिसमें लाइट की व्यवस्था के साथ-साथ पूरी लाइब्रेरी को एयर कंडीशन बनाया जा गया, शौचालय की भी व्यवस्था को बेहतर करते हुए आधुनिक व्यवस्था की गई है दिव्यांगों के लिए, महिलाओं के लिए, तथा पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं, लाइब्रेरी को बारकोड से जोड़ा जायेगा, किताबों का रखरखाव डिजिटल होगा अलग से कंप्यूटर लेब भी बनाई गई लैब में 10 कंप्यूटर लगाए गए हैं तथा पूरी लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा भी रहेगी इस प्रकार विद्यार्थियों की सभी आवश्यक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी का जीणोर्धार किया गया है, कार्य में गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग नेचर ग्रीन टूल्स एंड मशीन प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग रहा है, डायरेक्टर शिवम गोयल है। आधुनिक युग को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी को आधुनिक रूप दिया गया है किताबों का रखरखाव हो या फिर बैठने की व्यवस्था सभी को बदल गया है पूरी लाइब्रेरी को वातानुकूलित बनाया गया है, मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कैमरे भी इंस्टॉल किए गए हैं, बारकोड सिस्टम बनने से विद्यार्थियों को किताबों को ढूंढने में आसानी रहेगी, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया की विद्यार्थियों को मेंबरशिप भी दी जाएगी तथा प्रतिदिन के हिसाब से भी विद्यार्थियों हेतु एंट्री व्यवस्था भी की गई है, निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा वहां पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों से भी वार्ता करते हुए मोटिवेट किया गया, शहर में यूपीएससी/ यूपीपीसीएस तथा अन्य कंपटीशन की तैयारी करने वालों के लिए कंपनी बाग में ही स्टडी केंद्र बनाने की योजना है जिसके लिए अलग से क्लास की व्यवस्था भी की जाएगी नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित छात्रों को गाजियाबाद नगर निगम की आगामी प्लानिंग के बारे में भी अवगत कराया गया।

## भारत-पाक संघर्ष पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की स्तरहीन कवरेज : सिकंदर यादव

**लोक प्रेरणा**



**गाजियाबाद।** पिछले दिनों हुऐ भारत पाक का संघर्ष कई मायने में विशेष रहा, जिस प्रकार का शौर्य भारतीय सेना ने दिखाया वो अभूतपूर्व था, सारी दुनिया भारत की तकनीक व सटीक हमले देखकर दंग रह गयी, जिस प्रकार भारत ने पाकिस्तान के सभी एयर फोर्स स्टेशनों को निशाना बनाया और साथ ही साथ भारत की अचूक रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के अधिकतर हमले नाकाम कर दिये, जहां भारत ने पाकिस्तान के हर महत्वपूर्ण स्थल पर हमले किये वहीं पाकिस्तान के ड्रोन बॉर्डर से आगे नहीं बढ़ सके, हालांकि अचानक हुए सीज फायर के कारण अभी ज्ञात नहीं है, जबकि ये स्पष्ट है कि भारत का पड़ला पूरी तरह से भारी था, इस संघर्ष को रिपोर्ट कर रहा भारतीय मीडिया खासकर टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग का स्तर बहुत निमन रहा, पाकिस्तान ही नहीं पूरी दुनिया हमारे चैनलों की रिपोर्टिंग का आज तक मजाक बना रही है । उदाहरण के तौर पर भारतीय चैनल दिखा रहे थे कि भारतीय सेना लाहौर तक पहुंच गयी है और कह रहा था कि पी.ओ.के में कब्जा कर लिया, एक चैनल बता रहा था कि कराची नष्ट हो चुका है, एक चैनल ने तो यहां तक कह दिया कि पाकिस्तान सेवा प्रमुख मुनीर को बंदी बना लिया, कोई कह रहा था कि पाकिस्तान में तख्ता पलट हो गया, इन रिपोर्ट्स को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि भारतीय चैनल सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक व झूठी खबरों के आधार पर रिपोर्ट कर रहा था, ये भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए शर्मनाक है, जहां एक ओर भारतीय सेना विश्व की बेहतरीन तकनीक का इस्तेमाल कर, दुनिया को अचंभित कर रही थी वहीं भारतीय मीडिया इस तरह की गैर प्रमाणिक न्यूज चलकर भारत की साख गिर रहे थे, पहलगाम हमले के बाद से ही अधिकांश भारतीय चैनल इसे धार्मिक एजेंडा की तरह चल रहे थे, भारतीय चैनल यदि इस प्रकार की रिपोर्टिंग करते रहे तो बहुत जल्द ही लोगों का थोड़ा बहुत विश्वास जो अभी बचा है वह भी समाप्त हो जाएगा जिस प्रकार संघर्ष विराम हुआ उसे लेकर भारत व अन्य दुनिया के विशेषज्ञ भी आश्चर्य में है, क्योंकि जब ट्रंप द्वारा इसकी घोषणा की गई तब तक भारत की फौज हर तरह से पाकिस्तान पर हावी थी, इसको लेकर सवाल उठाते रहेंगे साथ ही इस संघर्ष से भारतीय विदेश नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं कि चीन व तुर्की ने जिस प्रकार पाकिस्तान का साथ दिया, भारत के साथ एक भी देश इस प्रकार खड़ा नहीं हुआ जो कि भारत की साख को धक्का लगने वाली बात है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी वर्षो से ये जाता रहे हैं कि भारत के संबंध विदेश में पहले से मजबूत हुए परंतु इस बार ऐसा कहीं नहीं दिखा और तो और जिस ट्रंप को मोदी जी अपना मित्र बताते हैं उसने भारत को पाकिस्तान के समतुल्य रखा और दोनों देशों को महान बताया।

## ससुराल से वापस आकर अधेड़ ने लगाई फाँसी, मौत

**लोक प्रेरणा**

**सिद्धौर बाराबंकी।** थाना असंद्रा क्षेत्र में ससुराल से लौट कर आए एक अधेड़ का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। थाना क्षेत्र के अकोहरी गांव निवासी रामप्रताप रावत की ससुराल थाना क्षेत्र के ही जरौली गांव में है ।ससुराल में वैवाहिक कार्यक्रम होने के कारण उसका परिवार जरौली गया था। बीते शुक्रवार को रामप्रताप भी अपनी ससुराल गया था। शाम को वह वहां से घर लौट आया था। रात में उसका शव घर के अंदर गमछे के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम को भेज दिया ।पति पत्नी के मध्य किसी बात पर कहासुनी होने की बात कही जा रही है । मृतक के 6 बच्चे मोनी रावत (विवाहित), सोनी रावत (22), निशा(20), अंतिम (10), आदित्य रावत (8) व अखिलेश (12) है। मृतक मजदूरी करता था और उसकी पत्नी नीलम कंपोजिट स्कूल अकोहरी में रसोईया है ।घटना के बाद से सभी का रो रोकर बुरा हाल है ।इस संबंध में इंस्पेक्टर असंद्रा आलोक मणि त्रिपाठी का कहना है प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का है ।मामले की जांच की जा रही है ।

## मोहित सूद वाल्मीकि ने नवनियुक्त पुलिस आयुक्त रविंद्र गौर से की शिष्टाचार मुलाकात

**लोक प्रेरणा**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस आयुक्त जे रविंद्र गोड़ से मोहित सूद वाल्मीकि महानगर अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम गाजियाबाद ने उनके पुलिस कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचकर उनको पुलिस कमिश्नर बनने पर फूलों का बुके व शील्ड व मिठाई खिलाकर हार्दिक स्वागत किया और शुभकामनाएं दी । कमिश्नर महोदय के साथ हुई इस भेंट वार्ता में शहर में शांति व्यवस्था और पुलिस का सहयोग करने का अनुरोध किया और शहर में शांतिपूर्वक व भाईचारा बनाने की अपील की । श्री गॉड ने अवगत करवाया कि शहर की जनता को अच्छी सुरक्षा प्रदान करना उनका लक्ष्य है ओर पीड़ित को न्याय उनका प्राथमिक कर्तव्य। इस



अवसर पर अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मोहित सूद वाल्मीकि ने पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ को बताया कि उनकी पार्टी एक अनुशासन वाली तथा संविधान को मानने वाली पार्टी है और पार्टी हमेशा पुलिस का सहयोग ओर जनता की न्याय की आवाज को उठाने का काम करती है तथा पुलिस के माध्यम से न्याय दिलाने का कार्य करती रहती हैं । भीम आर्मी चीफ व आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद लोकसभा नगीना एड चंद्रशेखर आजाद भी देश में सर्व समाज के लोगों को न्याय दिलाने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं एवं हमेशा जनता के बीच पहुंचकर उनकी बातों को सुनकर दिल्ली तक पहुंचाने का कार्य करते हैं ।

## पति ने बाहर घुमाने से मना किया तो पत्नी ने तोड़ दिया रिश्ता, करवाया चार महीने का गर्भपात

**लोक प्रेरणा**

अलीगढ़ के देहलीगेट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां पति ने बाहर घुमाने से मना किया तो पत्नी ने रिश्ता तोड़ दिया। दोनों के बीच झगड़े के समय पत्नी प्रेग्नेंट थी। दोनों के बीच विवाद बढ़ा तो पत्नी ने रिश्ता तो तोड़ा ही लेकिन इतना ही नहीं चार माह का गर्भपात भी करा दिया। पति का कहना है कि पत्नी की ओर से अब दूसरी जगह शादी करने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में पति ने परेशान होकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार एडीए कालोनी निवासी मो. दानिश ने एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी शादी 27 दिसंबर 2024 को इलाके की ही एक युवती से हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक पत्नी ठीक से रही। बाद में बाहर घूमने के लिए दबाव बनाने लगी। लेकिन कारोबार के चलते पति बाहर घूमने नहीं ले जा सका। इसी बीच पत्नी गर्भवती हो गई। बीते चार अप्रैल को शख्स के ससुराल वाले घर पर आ गए। पत्नी को बुलाकर उसके मायके ले गए। पति का कहना है कि 12 मई को वह पत्नी को बुलाने ससुराल गया तो पत्नी ने साथ आने से इंकार कर दिया।

वहीं, शख्स के ससुरालियों का आरोप था कि वह पत्नी को बाहर घुमाने नहीं ले जाता। इस लिए ससुरालियों ने पत्नी को साथ भेजने से इंकार कर दिया। पति का आरोप है कि पत्नी चार माह की गर्भवती थी। मायके जाने के बाद पत्नी ने गर्भपात भी करा दिया। अब पत्नी घर वापस नहीं आ रही है और दूसरी जगह शादी करने की धमकी दे रही है। इस संबंध में एसएसपी ने थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी का कहना है कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

## आगरा में पंछी पेठा के नाम से नकली दुकान चलाने वालों पर एक्शन, पुलिस ने उतरवाए बोर्ड

**लोक प्रेरणा**

आगरा के फतेहाबाद मार्ग पर तोरा चौकी क्षेत्र में कुछ दुकानदारों ने अवैध रूप से पंछी पेठा के बोर्ड लगा लिए थे। वे ग्राहकों के साथ छल कर रहे थे। पंछी के नाम पर घटिया पेठा बेच रहे थे। इससे पंछी पेठा की साख खराब हो रही थी। फर्म की ओर से पुलिस आयुक्त से शिकायत की गई थी। ताजगंज थाना पुलिस ने शुक्रवार को कई जगह से अवैध रूप से लगाए बोर्ड हटवाए। कई दुकानदारों ने बड़े ग्लोसाइन बोर्ड लगा रखे थे। पुलिस ने सभी को उतरवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार आगरा में पिछले कई वर्षों से पंछी पेठा के नाम का इस्तेमाल कर नकली पेठे की दुकान चलाई जा रही थी। इस पर पंछी पेठा के असली मालिकों की ओर से शिकायत की गई थी। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने आगरा में अभियान चलाया। पुलिस ने शहर में पंछी पेठा और नमकीन के नाम से संचालित दुकानों से बोर्ड और बैनर उतरवा लिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक असली पेठे के नाम पर नकली पेठा बेचकर नकली का धंधा करने वालों ने पंछी पेठा के असली मालिकों को पिछले दो सालों में ही करोड़ों रुपयों का नुकसान हुआ। इसके साथ ही क्वालिटी के अंतर की वजह से ब्रांड का नाम भी खराब हो रहा था।

मामले की शिकायत मिलने पर आगरा पुलिस ने तत्काल कदम उठाते हुए शहर में पंछी पेठा की नकली दुकानों के खिलाफ अभियान चलाया। तारागंज थाने की पुलिस ने फतेहाबाद मार्ग पर स्थित कई दुकानों पर लगे पंछी पेठा के बोर्ड और बैनर को उतरवा दिया।

## दामाद ने ससुर को ईंट से कुंचकर उतारा मौत के घाट, ये था विवाद

**लोक प्रेरणा**

जमीन के विवाद में भतीजी दामाद ने ससुर की ईंट से कुंचकर हत्या कर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मृतक के भांजे की तहरीर पर आरोपी दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसावां के अकबरपुर के 75 वर्षीय फूल सिंह अविवाहित थे और उनके पास 10 बीघा जमीन थी। उनके छोटे भाई विजराज सिंह की बेटी संगीता की शादी चार साल पहले सगे भांजे हरीश निवासी लोहाठेर थाना कादर चौक से की थी।

बताया जा रहा है कि भाई की मौत के बाद हरीश अकबरपुर में रहने लगा और फूल सिंह की जमीन पर अधिकार जताने लगा था। शुक्रवार को इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसमें आरोपी हरीश ने फूल सिंह के सिर पर ईंट से वार कर उनकी हत्या कर दी। हमले में फूल सिंह मौके पर ही गिर पड़े। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी हरीश को भागने से पहले लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। हत्या की जानकारी मिलते ही सीओ दातागंज केके तिवारी और प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक वीरपाल सिंह ने बताया कि आरोपी हरीश को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**10 बीघा जमीन ने कराया रिश्तों का कत्ल**

रिश्तों पर लालच इस कदर भारी पड़ा कि एक दामाद ने अपने ही चचिया ससुर की ईंट से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी। वजह सिर्फ दस बीघा जमीन थी, जिसे पाने की लालसा में आरोपी इतना अंधा हो गया कि उसने इंसानियत को भी ताक पर रख दिया। यह दर्दनाक वारदात उसावां थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव में हुई, जहां बुजुर्ग फूल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

अकबरपुर गांव के रहने वाले 75 वर्षीय फूल सिंह पुत्र गिरवर सिंह अविवाहित थे और 10 बीघा खेती योग्य भूमि के मालिक थे। फूल सिंह के छोटे भाई की बेटी संगीता की शादी चार वर्ष पहले हरीश पुत्र मुन्नालाल यादव निवासी लोहाठेर, थाना कादरचौक से हुई थी। कुछ दिन बाद हरीश अकबरपुर आकर रहने लगा और फूल सिंह की जमीन पर अपना हक जताने लगा। शुक्रवार को जमीन को लेकर कहासुनी हुई।

इसी दौरान हरीश ने पास पड़ी ईंट से फूल सिंह पर हमला कर दिया। सिर पर कई वार होने से फूल सिंह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की बड़ी बहन के बेटे विजय सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी हडौरा थाना सिकंदरपुर वैश्य कासगंज की तहरीर पर आरोपी हरीश के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## मुर्गी फार्म पर जाने के लिए निकली बुजुर्ग महिला की धारदार हथियार से हत्या

**लोक प्रेरणा**

बरेली में सनसनीखेज मामला सामने आया है। बिथरी चैनपुर क्षेत्र में धारदार हथियार से प्रहार करके बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है। प्रथम दृष्टया हत्या जमीन विवाद को लेकर होना बताया जा रहा है। बिथरी चैनपुर के गांव नवदिया हरकिशन की रहने वाली 58 वर्षीय हरप्यारी का पड़ोस के गांव नौगवां में मुर्गी फार्म है। हरप्यारी रोजाना रात को सोने के लिए मुर्गी फार्म पर जाती थीं। शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे भी वह मुर्गी फार्म पर जाने को निकली लेकिन वहां नहीं पहुंची। फार्म का चौकीदार सोचता रहा कि वह घर से नहीं आईं और घर वाले सोचते रहे कि वह मुर्गी फार्म पर हैं। इसी बीच शनिवार सुबह गांव के लोग खेत में जाने को निकले तो नवदिया हरकिशन और नौगवां गांव के बीच हरप्यारी का शव पड़ा था।

# नर्सरी छात्र की मौत में दो अज्ञात पर FIR, पिता ने कहा- नहीं मिला न्याय तो दे दूंगा जान

▶▶ बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी का कहना है कि स्कूल बंद होने के कारण शुक्रवार को कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है।

**लोक प्रेरणा**

प्रयागराज में नैनी के महेवा पश्चिम पट्टी में पढ़ने वाले नर्सरी छात्र की मौत के मामले में गुरुवार देर रात पुलिस ने स्कूल की दो अज्ञात अध्यापिकाओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज कर लिया है। छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके निजी अंगों में चोट मिलने की पुष्टि करते हुए पुलिस का कहना है कि यह चोट ऐसी हैं, जिससे उसके साथ यौन हिंसा की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। छात्र जिस स्कूल में पढ़ता था उसमें शुक्रवार को ताला लटका रहा।

बता दें कि महेवा पश्चिम पट्टी के एक किराना कारोबारी का साढ़े तीन वर्षीय बेटा महेवा के एक निजी स्कूल में नर्सरी का छात्र था। गुरुवार सुबह बच्चे की मां उसे स्कूल छोड़कर आई थी। थोड़ी देर बाद बच्चे के पिता के पास स्कूल से फोन आया कि आपका बच्चा बेहोश हो गया है। बच्चे के परिजन स्कूल पहुंचे तो उसके सिर पर चोट का निशान था। परेशान माता-पिता बेटे को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल लेकर घंटों भटकते रहे। आखिर में एसआरएन अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद हुए मासूम के पोस्टमार्टम में उसके निजी अंगों में चोट के निशान मिले, जिसने उसके साथ यौन हिंसा की ओर से इशारा किया था। विद्यालय और घर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की हो रही जांचविद्यालय परिसर से घर से आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्चे के आईब्रो के पास एक छोटा सा कट पाया गया है। जीभ पर चोट के निशान हैं। बच्चे के निजी अंग पर भी चोट के निशान मिले हैं, जिसके संबंध में डॉक्टर्स ने अपनी राय दी है, जो अभी जांच के दायरे में है।

**यौन उत्पीड़न की आशंका से इनकार नहीं**

शुक्रवार को डीसीपी यमुनापार विवेक चंद्र यादव ने मीडिया को बताया कि परिजनों की ओर से जो तहरीर दी गई है, उसके आधार पर दो अज्ञात शिक्षिकाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, कहा कि तहरीर में परिजनों ने बताया है कि विद्यालय में उपस्थित दो शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चे के साथ मारपीट की गई है। परिजनों के द्वारा तहरीर में किसी प्रकार के यौन उत्पीड़न की बात नहीं कही गई है। पोस्टमार्टम में एक चोट ऐसी आई है, जिससे की इस तरह की चीजों (यौन उत्पीड़न) से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

**स्कूल बंद कर प्रबंधक फरार**

प्रयागराज। नैनी के जिस स्कूल में नर्सरी के छात्र की पिटाई के बाद गुरुवार को मौत हो गई थी, उसका प्रबंधक विद्यालय बंद कर फरार हो गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी का कहना है कि स्कूल बंद होने के कारण शुक्रवार को कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी चाका नरेन्द्र देव मिश्रा को जांच करके रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। शनिवार को बीईओ नरेन्द्र देव जांच के लिए स्कूल जाएंगे।

**पिता ने कहा, न्याय नहीं मिला तो जान दे दूंगा**

नैनी के महेवा पश्चिम पट्टी में नर्सरी के छात्र की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत छात्र के पिता ने शुक्रवार को घटना की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए अपनी पीड़ा व्यक्त की। साथ ही कहा कि न्याय नहीं मिला तो आग लगाकर जान दे दूंगा। उन्होंने कहा कि गुरुवार को स्कूल की सूचना पर वह पहुंचे तो एक मैडम बच्चे को गोद में लेकर खड़ी थीं। गाड़ी पर उनके साथ बच्चे को लेकर पास में एक निजी डॉक्टर और एक निजी अस्पताल में दिखाया।

उसके बाद स्कूल के एक व्यक्ति के साथ चिल्ड्रेन अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने जवाब दिया तो कमला नेहरू अस्पताल गए। वहां से फिर एग्रीकल्चर पुलिस चौकी आए और तहरीर दी। वहां पुलिस के साथ चाका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसआरएन के ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ट्रामा सेंटर से पुलिस के साथशव को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। वहां मेरे मृत बच्चे को गोद से छीनकर पोस्टमार्टम हाउस के अंदर लेकर लोग चले गए। मेरा बाबू स्कूल का ड्रेस पहने हुए था। उसे शवों के बीच लेटा हुआ देखा तो मेरी जान ही निकल गई।

लोगों ने समझाया कि शव का पोस्टमार्टम नहीं होगा तो पता नहीं चलेगा कि मौत कैसे हुई। आपको न्याय नहीं मिल पाएगा। केवल न्याय की उम्मीद में बच्चे का चीरफाड़ करवा दिया नहीं तो बाबू के साथ ऐसा न होने देता। पोस्टमार्टम के बाद बच्चे का शव दे दिया गया लेकिन मौत का कारण अभी तक तक पता नहीं चला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट कब, कौन और कैसे मिलेगी इस बारे में कोई कुछ नहीं बता रहा है।

**भाई बोला, मैम ने थप्पड़ मारा तब सिर से बहने लगा खून**

मृत छात्र के बड़े भाई ने जो बात बताई वह स्कूल स्टाफ की संवेदनहीनता को दशार्ती है। एक सवाल के जवाब में उसके भाई ने बताया कि मेरी क्लास ऊपर है। वहां सीढ़ी से भाई के क्लास में आता हूं। एक मैडम ने उसके पीछे से थप्पड़ मार दिया जिससे उसका सिर बेंच से टकरा गया और खून बहने लगा। उसकी जीभ से भी खून आने लगा। उससे पहले उसके गाल को एक दोस्त ने पकड़ लिया था। उसे एक टीचर ने डांटा भी था।

## जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ तेजवापुर के 05 वीं बार निर्विरोध अध्यक्ष बनें मो0सिराजुद्दीन न्यूटन

**लोक प्रेरणा**

**बहराइचः-** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का चुनाव पायनियर पब्लिक स्कूल, बहराइच में पर्यवेक्षक, चुनाव अधिकारी एवं जिलाध्यक्ष/ का0 महामंत्री की कार्यसमिति की निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुआ।निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर एम0 सिराजुद्दीन न्यूटन 5 वीं बार, मंत्री पद पर अनुराग मिश्र दूसरी बार , कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती मांडवी शाही और उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी नारायन निर्विरोध निर्वाचित हुए।निर्वाचन में 99% डेलीगेटों ने प्रतिभग किया। निर्वाचन स्थल की सुख सुविधाओं की बारम्बार प्रशंसा की गई,तथा इसके लिए उपस्थित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं व सभी पदाधिकारियों ने मैनेजिंग डायरेक्टर आसिफ किरमानी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया,नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भूपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने संबोधित कर संगठन पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष न्यूटन ने 5 वीं बार अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर सभी डेलीगेटों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। पदाधिकारियों को बधाई देते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने किरमानी जी का तहे दिल से स्वागत और संगठन की तरफ उपहार भेंट कर सम्मानित किया। नव निर्वाचित मंत्री अनुराग मिश्र ने सभी शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि आपकी सेवाओं में , संगठन हित मे तहे दिल से समर्पित रहूंगा।साथ ही कार्यक्रम को नव निर्वाचित कोषाध्यक्ष श्रीमती मांडवी शाही, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम शिक्षक नेताओं ने संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन आदर्श शिक्षक प्रकाश जी द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से किया गया।अंत मे ब्लॉक अध्यक्ष मो०सिराजुद्दीन न्यूटन जी द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।




## सेना के शौर्य एवं सम्मान के लिए उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

बाराबंकी। शहर की सड़कों पर शनिवार की सुबह देशभक्ति का सैलाब उमड़ा। भारतीय सेना के अदम्य शौर्य को नमन करने एवं कृतज्ञता ज्ञापित करने विभिन्न सामाजिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, छात्र-छात्राओं तथा भाजपा के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जीआईसी ऑडिटोरियम से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की अगुवाई भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश एवं प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा ने की। पटेल चौराहा स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ शौर्य यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में शामिल लोगों के गगनभेदी जयघोष से संपूर्ण परिवेश देश भक्ति के रंग में डूब गया।

## जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में तहसील कैसरगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**लोक प्रेरणा**

आज दिनांक 17.05.2025 को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर ह्लसम्पूर्ण समाधान दिवसह्व का आयोजन किया गया । जिलाधिकारी बहराइच श्रीमती मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तहसील कैसरगंज में उपस्थित रहकर "सम्पूर्ण समाधान दिवस" की अध्यक्षता की गई । इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच कर विधिक निस्तारण करने तथा निस्तारित प्रार्थना पत्रों की आख्या समय से प्रेषित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित कर मौके पर जाकर जाँचकर निस्तारण करने हेतु रवाना किया गया। इस दौरान प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।




## नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 12 लाख की ठगी

**लोक प्रेरणा**

**बरेली:** वन एवं पर्यावरण विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगों ने 12 लाख रुपये झटक लिए और यूपी के बरेली के युवक को झारखंड के रांची में छोड़कर भाग निकले। गुमराह करने के लिए युवक को फर्जी नियुक्तिपत्र देकर बाजार से वर्दी खरीदकर भी पहना दी। मामले में महिला समेत दो आरोपियों के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार सुभाषनगर में सिठौरा निवासी कन्हईलाल ने बताया कि एक अधिवक्ता के जरिये वीर सावरकर नगर में एकता ग्रुप नाम से कार्यालय संचालित करने वाली एकता आनंद और अभिषेक सक्सेना से उनकी मुलाकात हुई।

आरोपियों ने खुद को रसूखदार बताते हुए स्पोर्ट्स कोटे से उनके बेटे आकाश कुमार की नौकरी लगवाने की बात कही। इसका खर्चा 12 लाख रुपये बताया। फिर उनसे एक लाख रुपये लेकर फर्जी स्पोर्ट्स प्रमाणपत्र बनवाया और रांची बुलाकर 1.83 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। 60 हजार रुपये एटीएम से निकलवाकर ले लिए और रांची के एक होटल में आकाश को आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति पत्र दिया और बाजार से वर्दी पहनाकर खुद वहां से चले गए।

## शादी के 6 दिन बाद ही हैवान बना पति, पीट-पीटकर तीसरी बीवी को मार डाला

**लोक प्रेरणा**

वाराणसी से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक 44 साल के व्यक्ति ने तीसरी शादी के छह दिन बाद ही अपनी नई नवेली बीवी को पीट-पीटकर मार डाला। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं, आरोपी को धर दबोचा।

ये दर्दनाक घटना चौबेपुर थाना क्षेत्र के अमौली गांव का है। जहां 44 साल के राजू पाल ने पारिवारिक झगड़ में अपनी 26 साल की बीवी आरती पाल की लाठी से पीट-पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरती को नरपतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी राजू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरती और राजू की शादी बीते 9 मई को हुई थी। यह राजू की तसरी शादी थी। इससे पहले उसकी दो शादियां पहले ही टूट चुकी हैं। शादी के अगले दि ही राजू और आरती के बीच झगड़ा होने लगा था।

**खून को धुलकर साफ करने का प्रयास किया था**

पुलिस की पूछताछ में पहले उसने लूट की कहानी गढ़ी। बताया कि देर रात चार लोग पहुंचे और लूट की नीयत से लाठी से पत्नी पर हमला कर दिया। जबकि झोपड़ी में लूटपाट करने जैसी कोई वस्तु नहीं थी। केवल एक मोटर पंप था। सख्ती से पूछताछ के बाद उसने हत्या की बात कबूली। हत्या के बाद राजू पाल ने खून साफ करने के लिए धुलाई भी कर दी थी। पुलिस ने कारण पूछा तो बताया कि पत्नी के सिर में अधिक दर्द था, खून बह रहा था। इसलिए उसने धुलाई की।

**बहन के प्रेमी की भी की थी हत्या**

राजू पाल पहले भी हत्या में जेल जा चुका है। बहन के प्रेमी गोलू पटेल की हत्या में राजू समेत उसके दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। हत्या में वह सात साल तक जेल था। बीते नवंबर में ही जेल से छूटकर आया था।

## बच्ची से रेप आरोपी नाबालिग को भेजा बाल सुधार गृह, मां के बाद पिता नहीं देते थे ध्यान

**लोक प्रेरणा**

यूपी के अतरौली में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को शुक्रवार को पुलिस ने आगरा के बाल सुधार गृह भेज दिया। यह घटना गुरु?वार को हुई थी। गांव निवासी बच्ची दोपहर साढ़े 12 बजे खेत से घर की तरफ आ रही थी। तभी गांव का बाल अपचारी उसे बाइक पर बिठाकर खेतों में ले गया। वहां दुष्कर्म किया। गुप्तांगों से से खून आने आने पर आरोपी उसे गंभीर हालत में रास्ते में छोड़कर भाग गया।

बच्ची के दादा ने मुकदमा दर्ज कराया। आरोप था कि जब आरोपी के घर उसके पिता से शिकायत करने गए तो पिता ने जान से मारने की धमकी दी। अतरौली इंस्पेक्टर विजयकांत शर्मा ने बताया कि बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेज दिया है। वह सातवीं का छात्र है।

**अतरौली की घटना ने किया समाज को शर्मसार**

गुरुवार को अतरौली के एक गांव में हुई घटना ने समाज को शर्मसार कर दिया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि किशोर की मां नहीं है। पिता उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। इसलिए वो आवारा होता गया। फिलहाल पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेजा है। ये केवल एक उदाहरण है। इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं, जहां किशोरों ने अपराध किया। सवाल है कि आखिर ये घटनाएं क्यों हो रही है।

## चौराहों पर मिलावटखोरों के फोटो लगाने के आदेश से हड़कंप

**लोक प्रेरणा**

सेहत के दुश्मन बने मिलावटखोरों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती से ऐसे धंधेबाजों में जहां हड़कंप की स्थिति है। खाद्य पदार्थ में मिलावट कर आपूर्ति करने वाले कथित धंधेबाज अब सकते में हैं। सबसे अधिक धड़कन तो उनकी बढ़ी हुई है जिनके किसी न किसी खाद्य पदार्थ के नमूने जांच में अधोमानक या असुरक्षित पाए गए हैं। यूपी के बस्ती जिले में इस तरह के एओ कोर्ट में 246 और न्यायिक न्यायाल में 67 मामले विचाराधीन हैं। जिस पर फैसला आना बाकी है। बताते हैं कि यदि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन मिलावटखोरों की फोटो चौराहों पर चस्पा की गई तो इसमें कई बड़े कथित कारोबारी भी बदनाम हो जाएंगे।

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले में मिठाई से जुड़े कारोबारी अधिक हैं। दाल, तेल, घी, जूस, मिठाई, पनीर, दूध, दही, खोवा, नमकीन, चायपत्ती, धनिया, बेसन आदि का बाजार मिलावट से पटा पड़ा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के दस्तावेज में मिलावटखोर के रूप में छोटे दुकानदारों के अलावा शहर एवं कस्बों के कई बड़े कारोबारी भी दागी हैं। चर्चित मिष्ठान भंडार, होटल, रेस्टोरेंट आदि जगहों से पूर्व में लिए गए कई खाद्य पदार्थों के नमूने अधोमानक या असुरक्षित पाए जा चुके हैं। ऐसे मामलों में कारोबारी न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद फिर अपने धंधे में जुट जाते हैं।

# कृषि मंत्री के सामने अचानक पलट गई नाव, डूबने लगे लोग

**लोक प्रेरणा**

यूपी के देवरिया में शनिवार की सुबह उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सामने अचानक एक नाव पलट गई। उस पर सवार जिन लोगों तैरना आता था वे तो तैरकर नदी से बाहर निकल गए लेकिन करीब आधा दर्जन लोग ऐसे थे जिन्हें तैरना नहीं आता था। ऐसे लोगों को बचाने के लिए कई स्थानीय लोग और मछुआरे नदी में कूद गए। उनकी तत्परता से किसी को कोई नुकसान नहीं होने पाया। सभी लोग आनन-फानन में सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिए गए। इस घटनाक्रम के दौरान कृषि मंत्री भी घाट पर मौजूद थे।

बता दें कि शनिवार की सुबह कृषि मंत्री के आह्वान पर लोगों ने देवरिया के बघौचघाट थाना क्षेत्र में खनुआ नदी की सफाई का अभियान शुरू किया।

कृषि मंत्री ने देवरिया और कुशीनगर जिले से होकर गुजरने वाली छोटी गंडक और खनुआ नदी की सफाई का अभियान पिछले साल शुरू किया था। पिछले साल छोटी गंडक की सफाई जनसहयोग से की गई थी। इस बार उन्होंने नदी के किनारे पड़ने वाले गांवों के लोगों से खनुआ नदी की सफाई करने का आह्वान किया था। कृषि मंत्री के इस आह्वान का व्यापक असर देखा गया।

उन्होंने शनिवार से अभियान शुरू करने की घोषणा की थी। शनिवार की सुबह करीब सात बजे से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के नेतृत्व में बघौचघाट कस्बे में खनुआ नदी की साफ-सफाई की जा रही थी। खनुआ नदी की सफाई के अभियान में उत्तर प्रदेश के साथ ही बड़ी संख्या में बिहार के लोग भी हिस्सा ले रहे थे। दो नावों पर सवार होकर दर्जनों लोग नदी से खर पतवार और कूड़ा करकट निकाल रहे थे। इसी दौरान अति उत्साह में एक नाव पर कुछ अधिक लोग सवार हो गए। अधिक संख्या में लोगों के सवार होने की वजह से नाव असंतुलित हो गई और देखते ही देखते पानी में पलट गई। घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई।

जो लोग तैरना जानते थे, वे किसी तरह से नदी के बाहर निकल गए, लेकिन आधा दर्जन लोग पानी में डूबने लगे। तब मछुआरों और अन्य स्थानीय लोग नदी में कूदे और लोगों को बाहर निकाला। सभी लोगों के सुरक्षित नदी से बाहर निकलने के बाद सबने राहत की सांस ली।

